चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 11 अप्रैल 2024

वर्ष-2, अंक-230, पृष्ठ-16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य-5 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार




तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 16

मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 2

## बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा मजदूरी 450 रुपये करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश यादव बोले- हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। क्योंकि, अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

### घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पूरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

भाजपा ने उप्र. से सात और प्रत्याशी उतारे, चंद्रशेखर व केशरीनाथ के बेटों को टिकट, गाजीपुर, बलिया और फूलपुर में नए चेहरे

## रीता बहुगुणा, केशरी देवी व वीरेंद्र मस्त को टिकट नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी इस सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

वहीं, पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में उप्र. सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले

### मैनपुरी में डिंपल के सामने जयवीर सिंह को उतारा

मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।

### एक नजर

#### बम विस्फोट में दो जवान और जेसीबी चालक घायल

**बीजापुर/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर प्रेशर बम में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के दो जवान और एक जेसीबी चालक घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र में इतावर गांव में प्रेशर बम फटने से एसटीएफ के दो जवान शिवलाल मंडावी और मिथलेश मरकाम घायल हो गए हैं। दल इतावर गांव के करीब था तब जवानों का पैर प्रेशर बम के संपर्क में आ गया।

#### सीएसजेएमयू के कुलपति का कार्यकाल बढ़ा



**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक का कार्यकाल बढ़ गया है। विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कुलपति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल 11 अप्रैल को खत्म हो रहा है। बुधवार को इसके लिए पत्र जारी किया गया है। बताया गया कि नए कुलपति की नियुक्ति के लिए समय लगने की संभावना है। ऐसी स्थिति में प्रो विनय कुमार पाठक विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति बने रहेंगे। वह नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक या छह महीने तक काम करते रहेंगे।

# राजकुमार ने छोड़ा आप का साथ

## मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए।



केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपा ने किया प्रदर्शन केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए।

### भाजपा का उद्देश्य आप को खत्म करना : संजय

**नई दिल्ली।** आदमी पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा उसके इस रुख की पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य पार्टी को खत्म करना है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा 'हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।

### कोर्ट से केजरीवाल का याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने संबंधी अनुरोध पर विचार करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने केजरीवाल के वकील को ईमेल भेजने को कहा। इससे पहले केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के नौ अप्रैल के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### समय मांगने की केजरीवाल की याचिका खारिज

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में उन्हें राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।

## संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और अगली तारीख पर रिपोर्ट पेश करे। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी थे।

पीठ ने दो मई को सुनवाई के दिन सीबीआई को रिपोर्ट देने कहा है। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब वे राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता (अब निलंबित) शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने के लिए संदेशखालि गए थे। अदालत ने आदेश में कहा कि न्याय और



- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन
- महिलाओं पर अपराध और जमीन हड़पने की जांच करे और व्यापक रिपोर्ट पेश करे

निष्पक्षता के हित में और विभिन्न शिकायतों और आरोपों पर शीघ्र विचार के लिए निष्पक्ष जांच की जानी आवश्यक है। साथ ही राज्य को सीबीआई को मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ताओं ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई में एक जांच समिति गठित करने की मांग की है। खंडपीठ ने कहा कि आरोपों को देखते हुए उसने सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। याचिककार्ता-वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा हलफनामे के रूप में 600 शिकायतें अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें कथित तौर पर यौन अत्याचार, भूमि पर कब्जा, हमले और संपत्ति को नष्ट करने जैसे अन्य अपराध शामिल हैं। अदालत ने कहा कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी शिकायत दर्ज करने के वास्ते एक पोर्टल अथवा ईमेल आईडी बनाएगी।

## पेपर लीक मामले का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स से निकलवाया था प्रश्नपत्र

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धधनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया, जिसके बाद एसटीएफ ने मामले का खुलासा किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है।

मेरठ एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि अत्री की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पेपर लीक कराने का पूरा खेल रवि ने ही खेला है। बिंदुवार पूछताछ करने पर मामले में शामिल सभी आरोपियों के नाम सामने आए।

## ईद पर प्रदेश में 37018 ईदगाहों मस्जिदों में अदा होगी नमाज

**लखनऊ।** नवरात्रि और ईद-उल-फितर का त्योहार एक साथ पड़ने के कारण यूपी पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर सक्रिय हो गई। प्रदेश में कुल 37,018 ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जिलों में 2,912 संवेदनशील स्थान और हॉट- स्पाट्स चिन्हित करते हुए जोन और सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत पुलिस व्यवस्था की गई है। पुलिस मुख्यालय स्तर से 241 कम्पनी पीएसी, तीन कम्पनी एसडीआरएफ, आठ कम्पनी एसएसएफ तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर से दो अपर पुलिस अधीक्षक व छह पुलिस उपाधीक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। एडीजी, कानून व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार ईद पर्व को लेकर जनपदों में पीस कमेटी, धर्म गुरुओं, धर्मस्थलों के प्रबन्धकों, संभ्रांत नागरिकों द्वारा संवाद करने के लिए 2,403 गोष्ठियां आहूत की जा चुकी हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार नहीं किए रामदेव बालकृष्ण के माफीनामे वाले हलफनामे

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब उनकी गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की।

## अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

### मुश्किलें बढ़ीं

- मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दिया था फैसला

## आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

### क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व में 24वें स्थान पर है।

क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

## जिसके नाम से लगता था कर्फ्यू, ऐसा रगड़ा कि पैंट गीली हो गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मेरठ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।

बुधवार को मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी उप्र. में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी की जनसभा को लेकर भाजपा से यहां साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए योगी ने कहा कि पश्चिमी उप्र. में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, मगर कभी विदेशी हुकूमत के सामने सिर नहीं झुकाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है।



- मेरठ की रैली में बोले- निर्दोषों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिलेगी

### कोई बकबक करता है तो मिर्च का झोंका लगा देते हैं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठुआ (जम्मू) में एक जनसभा में कहा कि हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। मेरे लिए देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है। योगी ने कहा कि पहले लोग खुद को हिंदू बोलने में भी संकोच करते थे। अयोध्या का नाम लेने में लोग डरते थे। अब मैं जनआस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। हम उप्र. में कोई संकोच नहीं करते हैं। वहां कोई दंगा करता है तो उल्टा लटकाकर टांग देते हैं। बहुत ज्यादा कोई बकबक करता है तो नीचे से मिर्च का झोंका लगा दिया जाता है, सारी भो-भो ठीक हो जाती है।

## खेल डायरी

### सिधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

**निंगबो।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वही पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

### आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

**मुंबई।** भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### गुकेश को नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

### नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली।** सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

### बिली जीन किंग कप टेनिसः भारत चीन से 0-3 से हारा

**चांगशा (चीन)।** भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

### फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

**लंदन।** फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

### स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

**मोनाको।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

### अमेरिका ने कनाडा को टी-20 मुकाबले में 31 से हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मयंक पटेल 68 रन, एंड्रीज गूस 57 रन और स्टीवन टेलर की 54 रनों की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अमेरिका ने कनाडा को दूसरे टी-20 मुकाबले में 31 से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही अमेरिका ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनाडा की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में श्रीमंथा विजयरत्ने शून्य का विकेट गवां दिया। सलामी बल्लेबाज एरोन जॉनसन ने 40 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए सर्वाधिक 74 रनों की पारी खेली। परगट सिंह 27 रन, निकोलस किर्टन 21 रन, और डिलन हेइलिगर 11 रन बनाकर आउट हुये। हर्ष ठाकेर 17 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

# राजस्थान ने गुजरात टाइटंस को दिया 197 रनों का लक्ष्य

## रियान पराग और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली



रियान पराग

**जयपुर, एजेंसी**

रियान पराग के 76 रन और कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 68 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 24वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया है।

बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पांचवें ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद जोस बटलर भी आठ बनाकर पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय रियान पराग और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 130 रनों की साझेदारी की। रियान पराग ने 48 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए 76 रन बनाये। उन्हें मोहित शर्मा ने वी शंकर के हाथों कैच आउट कराया। संजू सैमसन ने 38 गेंदों में सात चौके और दो छक्का लगाते हुए नाबाद 68 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर 13 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान ने 20 ओवरों में तीन विकेट पर 196 रनों का स्कोर खड़ा किया। गुजरात के उमेश यादव, राशिद खान और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.120 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.797 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.843 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |



संजू सैमसन

### राजस्थान रॉयल्सः 196/3

| | |
|---|---|
| यशस्वी का वेड बो उमेश | 24 |
| बटलर का तेवतिया बो राशिद | 08 |
| संजू सैमसन नाबाद | 68 |
| रियान का शंकर बो मोहित | 76 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 13 |

**अतिरिक्त :** 07

**कुल :** 20 ओवर में तीन विकेट पर 196 रन

**गेंदबाजी :** उमेश 4-0-47-1
जॉनसन 4-0-37-0
राशिद 4-0-18-1
नूर 4-0-43-0
मोहित 4-0-51-1

### आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय

**मुंबई।** तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है। टीम के विदेशी बल्लेबाज सामूहिक रूप से फ्लॉप रहे हैं और गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही है।

## डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों को अस्थाई निलंबन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश : दो और चार साल का प्रतिबंध

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

**बिश्केक।** भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

**पर्थ, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

# बॉलीवुड हलचल

## राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।



## 28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।



## प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

**बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्तयै नमः।**

## एक नजर

### तमंचे के साथ चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रूरा।** थाना क्षेत्र के तिगाईं नहर पुल से रोशनमऊ रोड पर मंगलवार रात दरोगा देवेंद्र कुमार सिपाही सतपाल व विवेक के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने असेनी गांव निवासी पंकज को एक देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी ककौतापुर में हुई चोरी के मुकदमे में भी आरोपी है। उसके पास से चोरी के 3320 रुपये भी बरामद किए गए है।

# फैक्ट्री में लोहे का पाइप गिरने से हेल्पर की गई जान, हंगामा

## तीन घंटे हंगामे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन और परिजनों के बीच 17 लाख रुपये में समझौता

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक मसाला पाउच बनाने वाली फैक्ट्री में काम कर रहे हेल्पर पर लोहे के पाइप गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को फैक्ट्री के बाहर रख कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे चले हंगामे के बाद मृतक के परिजनों व फैक्ट्री प्रबंधन के बीच आपसी समझौता हो गया।



उबैस कादरी।



घटनास्थल पर छानबीन करतीं सीओ व मौजूद लोग। अमृत विचार

औद्योगिक क्षेत्र रनियां में संचालित मसाला पाउच बनाने वाली एक फैक्ट्री में चिटिकपुर रनियां निवासी 16 वर्षीय उबैस कादरी बतौर हेल्पर काम करता था। बुधवार की सुबह फैक्ट्री गेट पर एंट्री कराकर वह काम करने के लिए गया था। उसे हाइड्रा से लोहे के पाइप लाकर फैक्ट्री प्लांट में पहुंचने का कार्य दिया गया था। जब वह पाइप लेकर जा रहा था। तभी हाइड्रा का अचानक नियंत्रण बिगड़ जाने से पाइप की रस्सी टूट गई। जिससे उबैस कादरी लोहे की पाइप के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने का आरोप लगाकर शव गेट पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधन की सूचना पर सीओ सदर तनु उपाध्याय, रनियां थाना प्रभारी महेंद्र कुमार पटेल कई थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक की टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। किशोर की मौत पर मां सहाना बेगम, भाई अर्स, बहन सालिया बेगम आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। करीब तीन घंटे चले हंगाम के बाद आपसी बातचीत में फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों के बीच 17 लाख रुपये के मुआवजे को लेकर सहमति बनी। सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि आपसी सहमति के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नियम दरकिनार कर फैक्ट्री में हेल्पर था नाबालिग

- रनियां स्थित मसाला पाउच बनाने वाली फैक्ट्री में काम कर करते समय लोहे की पाइप गिरने से मृत उबैस कादरी की उम्र महज 16 वर्ष थी। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा कि नाबालिग फैक्ट्री में हेल्पर के तौर पर कैसे काम कर रहा था। जबकि श्रम विभाग के अफसर लगातार औद्योगिक इकाइयों में जाकर इस बावत जांच-पड़ताल व जागरुकता कार्यक्रम चलाने का दावा भी करते हैं।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, बेटा घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव के समीप तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मां-बेटा को टक्कर मार दी। दोनों को उपचार के लिए कालपी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

रूरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन रामनगर रूरा निवासी कुलदीप ने बताया कि वह अपनी मां रानी देवी (55) पत्नी सोनीशंकर के साथ बाइक से रूरा से कालपी रिस्तेदारी में जा रहा था। तभी भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर कालपी पुल के समीप तेज रफ्तार डंपर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग ने एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें कालपी में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने रानी देवी को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि कुलदीप का प्राथमिक उपचार किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने छानबीन की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण स्थल का जायजा लेतीं सीडीओ, एडीएम व अन्य। अमृत विचार

### मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण की देखी व्यवस्था

**कानपुर देहात।** बुधवार को सीडीओ लक्ष्मी एन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने आगामी 16, 18 व 19 अप्रैल को अकबरपुर डिग्री कालेज में प्रस्तावित कार्मिक प्रशिक्षण के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ले-आउट तैयार कर शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। कहा कि प्रशिक्षण में स्वच्छ पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। निर्देशित किया कि डिग्री कालेज में साफ-सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इस दौरान डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीपीआरओ विकास पटेल, डीआईओएस राम अचल मिश्रा, बीएसए रिद्धी पांडेय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



अंबरपुर में निकली कलश यात्रा। अमृत विचार

### अंबरपुर में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**रूरा।** क्षेत्र के अंबरपुर गांव में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र शुरू होते ही गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकली गई। आचार्य राहुल शुक्ला ने पूजन अर्चन कर कलश यात्रा प्रारंभ करवाई। यात्रा अंबरपुर गांव से चलकर परहुल माता मंदिर के पास रिंद नदी से जल लेकर वापस आई। इस दौरान धीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, कपिल सिंह, राजकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।



संकल्प लेते क्षत्रिय स्वाभिमान सुरक्षा मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

### क्षत्रिय समाज का अपमान करने वालों को नहीं करेंगे वोट

**मंगलपुर।** क्षत्रिय स्वाभिमान सुरक्षा मंच की तरफ से बुधवार को संदलपुर ब्लाक के दशहरी गांव स्थित कुटिया आश्रम मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसे सभी पदाधिकारियों ने तय किया कि जो भी क्षत्रिय समाज की सम्मान व भावना से खिलवाड़ करेगा। उस पार्टी को क्षत्रिय समाज का समर्थन नहीं दिया जाएगा। बैठक के बाद सभी क्षत्रिय सुरक्षा मंच के पदाधिकारियों ने मंदिर पर खड़े होकर एक स्वर में कसम खाई कि कई बार क्षत्रियों का अपमान करने वाले लोग पार्टी में सम्मिलित है। जबकि निष्पक्ष मतदान करने वाले लोगों को कोई पूछता भी नहीं है। इस मौके पर पिंटू सेंगर, राहुल सिंह, विजयभान सिंह, राजेश सिंह, किशोर सिंह, कृष्णपाल सिंह, मोहन सिंह, अजय सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, लोकेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, परतोष सिंह तोमर, राहुल सिंह, बिल्ला तोमर, बाबू सिंह, दिनेश सिंह, शिवनाथ सिंह कई गावों के लोग उपस्थित रहे।



हरे पेड़ काटने के बाद खड़े ठूंठ। अमृत विचार

### शीशम और गूलर के काटे हरे पेड़

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के मंगलपुरवा गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित एक बगिया से शीशम व गूलर के हरे पेड़ों को चोरी छिपे अवैध तरीके से ठेकेदार ने कटवा लिए और लकड़ी लादकर भी ले गया। ग्रामीणों ने हरे पेड़ों के कटान की सूचना वन विभाग को दी। इस बावत डीएफओ एके द्विवेदी ने बताया कि हरे पेड़ काटे जाने की जानकारी मिली है। भोगनीपुर रेंज के वन दरोगा को जांच के निर्देश दिए गए हैं। ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# आचार संहिता को मुंह चिढ़ा रही वाल पेंटिंग




भड़ावल गांव में चुनाव प्रचार के लिए की गई वाल पेंटिंग। अमृत विचार

संवाददाता, डेरापुर

- डेरापुर क्षेत्र के भड़ावल गांव में जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसके बावजूद डेरापुर क्षेत्र में राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को नहीं हटवाया गया है। जिम्मेदारों की लापरवाही लोगों में चर्चा का विषय बनी है।

डेरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भड़ावल में एक दीवार पर राजनीतिक दल प्रत्याशी की चुनाव प्रचार वॉल पेंटिंग अभी तक नहीं हटवाई गई है। जबकि निर्वाचन आयोग की ओर से सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के प्रदर्शन बोर्ड के साथ पोस्टर व होर्डिंग हटाते हुए दीवारों से वॉल पेंटिंग मिटाने के निर्देश दिए गए थे।

इसके बावजूद गांवों में पंचायत सचिव व अन्य जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालत यह है कि केवल प्रमुख चौराहों व सड़क के किनारे से पोस्टर आदि प्रचार सामग्री हटवाकर खानापूरी कर दी गई है। लेकिन ग्रामीण अंचल में आज भी चुनाव प्रचार संबंधित वॉल पेंटिंग आदि देखी जा सकती हैं। इससे सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

इस बावत डेरापुर के खंड विकास अधिकारी शिव गोविंद पटेल ने कहा कि भड़ावल गांव में प्रचार संबंधी वॉल पेंटिंग की जानकारी नहीं है। यदि वॉल पेंटिंग है तो पंचायत सचिव की लापरवाही है। उसे तत्काल साफ कराया जाएगा और पंचायत सचिव से जवाब तलब भी किया जाएगा।

# एसबीआई के लॉकर से सोने की कमरबंद गायब

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रूरा शाखा के एक लॉकर से महिला ग्राहक की बीस तोला सोने की कमरबंद संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष ने मौके पर जाकर लॉकर रूम की जांच करते हुए बैंक कर्मियों से पूछताछ शुरू की है।

रूरा थाना क्षेत्र के कारी कलवारी गांव निवासी माया देवी ने पुलिस को बताया कि उसने कस्बा रूरा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के लॉकर नंबर 1/65 में वर्ष 2018 में कुछ गहने व सोने के आभूषण रखे थे। मंगलवार को वह बैंक में दोबारा एग्रीमेंट कराने अपनी पुत्री नीरजा के साथ गई थी। कागजी कार्रवाई के बाद जब उन्होंने लाकर खोला कर देखा तो उसमे रखी करीब बीस तोला सोने की कमर बंद गायब थी। जब पीड़िता ने बैंक कर्मचारियों से इस विषय में बातचीत की तो उन्होंने इस विषय में कुछ भी बताने से मना कर दिया। जिसपर माया देवी ने लिखित तहरीर पुलिस को देकर बैंक कर्मियों की मिलीभगत व साजिश का आरोप लगाया है। सूचना पर थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बैंक जाकर लॉकर रूम की जांच की है। उन्होंने बताया कि छानबीन की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।



एसबीआई की रूरा शाखा में लॉकर की छानबीन करते थाना प्रभारी। अमृत विचार

### लॉकर रूम की होती हैं दो चॉबियां, बैंक प्रबंधन पर उठे सवाल

- जब ग्राहक अपना बैंक में लॉकर एलाट कराता है तो उसकी दो चाबियां होती हैं। जिसमे से एक चाबी ग्राहक के पास और दूसरी सर्विस मैनेजर के पास रहती है। ऐसी स्थिति में बंद लॉकर से सोने की कमरबंद कैसे गायब हो गई। इसको लेकर सवाल खड़े हो रहे है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

## आंबेडकर जयंती पर बंद रहेंगी शराब व भांग की दुकानें

**कानपुर देहात।** जिले में 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर मादक पदार्थों की बिक्री नहीं होगी।

जिला आबकारी अधिकारी नीरेश पालिया ने बताया कि उक्त दिवस जनपद की सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर एवं थोक बिक्री किए जाने वाले समस्त अनुज्ञापन पूरी तरह बंद रहेंगें। जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि इस दिन की बंदी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। यह जरूर है कि यदि किसी अनुज्ञापी की दुकान खुली एवं बिक्री होते हुए पाई जाती है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वोटिंग के लिए स्कूल में हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए परिषदीय विद्यालयों में प्रतिदिन विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। ताकि युवा, बुजुर्ग व महिलाएं भी बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा ले सकें। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय अंता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप चौपाल का आयोजन किया गया। वहां लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।

स्वीप की नोडल सीडीओ लक्ष्मी एन द्वारा जारी किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में सह नोडल डीआईओएस अचल कुमार मिश्र, अपर डीआईओएस रति वर्मा व बीएसए रिद्धी पांडेय के मार्गदर्शन में विकासखंड रसूलाबाद में नोडल प्रभारी आशीष द्विवेदी एवं बीइओ अजब सिंह के निर्देश पर मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय अंता में हस्ताक्षर अभियान व स्वीप चौपाल का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने आए हुए बुजुर्ग मतदाताओं का स्वागत किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनीत मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहायक अध्यापक नीरज सिंह पाल, अनुदेशक दिनेश कुमार, कोटेदार रामकुमार, ग्रामीण श्याम सिंह, राकेश दिवाकर, रमन, श्याम मनोहर, राजेश कुमार, रामेंद्र, किशन कुमार, श्याम भदौरिया, शिवप्रताप, मोहित यादव, सतीश, नसीम अख्तर, शिव सिंह, अमरेश यादव, दीपक मिश्र, विमलेश सिंह, अंकित आदि मौजूद रहे।




हस्ताक्षर अभियान से जागरूक करतीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनीत मिश्रा।

# ऑटो की टक्कर से बाइकसवार की मौत



हादसे में घायल युवक और बिलखते परिजन।

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुगल रोड पर ऑटो व बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी लाया गया। डॉक्टर ने बाइकसवार अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

छत्तीसगढ़ के थाना पचेड़ी के बिलौनी गांव के अशोक कुमार (30) ने बताया कि वह कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के केवड़िया गांव निवासी मनोज कुमार (45) के साथ बाइक में सवार होकर मुगल रोड पर एक भट्टे पर गए हुए थे। जहां से वापस आते समय भोगनीपुर क्षेत्र के हलधरपुर गांव के पास ऑटो व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमे बाइक सवार अशोक व मनोज समेत ऑटो सवार अमरौधा के पातेपुर गांव की आरती (29) पत्नी सुरेंद्र कुमार व एक अन्य घायल हो गए। महिला अपनी बहन के लड़के शिवम (8) के साथ ऑटो में सवार होकर घाटमपुर रिश्तेदारी में शादी समारोह में जा रही थी।

हादसे की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी घायलों को सीएचसी पुखरायां ले गई। जहां डॉ. राजवीर सिंह मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया गया है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद आरती की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। मृतक के पुत्र भूपेंद्र ने बताया कि पिता अशोक कुमार मुरीदपुर के पास भट्टे में मजदूरी करते थे।



# हाईवे पर नवनिर्मित पुल से गुजरे भारी वाहन तो गिरने लगी कंक्रीट

## टुकड़े गिरने से अफरा-तफरी मची, अधिकारियों ने मुआयना कर मरम्मत कराई

संवाददाता, औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** कस्बे स्थित मंगलवार को नेशनल हाईवे के पुल के नीचे उस समय अफरा-तफरी मच गई थी, जब अचानक पुल के छोटे-छोटे टुकड़े टूटकर नीचे दुकानदारों के ऊपर गिरे। देखा गया कि जब पुल से लोडेड गाडियां निकलती हैं तो नीचे कंक्रीट व बीम से टूटकर टुकड़े नीचे आ रहे थे।

अभी हाईवे निर्माण का कार्य चल ही रहा है। सर्विस रोड व फुटपाथ आधे अधूरे बने हैं। पैदल चलने के रास्तों पर कब्जा हो गया है। काम पूरा नहीं हुआ और पुल टूटकर टुकड़ों में धीरे धीरे नीचे आ रहा है। मामले को लेकर बुधवार को हाईवे के आरपीओ बृजेश कुमार व श्याम पाण्डेय ने मौका मुआयना किया और पुल की नीचे ऊपर मरम्मत कराई। ग्रामीणों का कहना है कि जब पुल निर्माण की तैयारी हो रही थी तो हाईवे में प्रयोग करने वाली अधिग्रहित भूमि को खाली करने में हाईवे इंजीनियर राधेश्याम और लैंडिंग मैनेजर पवन सिंह की भूमिका थी। इनका सारा ध्यान कमाई पर था। जिसका परिणाम ये हुआ कि औंग के एक किलोमीटर क्षेत्र में सर्विस एक से ढाई मीटर तक सिकोड़ दी गई, नाला और फुटपाथ भी डेढ़ फीट से तीन फीट तक संकरे कर दिए गए। हाईवे पुल की गुणवत्ता इतनी घटिया कि एक साल के अन्दर ही पुल से टुकड़े टूटकर गिरने लगे। अधूरे और घटिया निर्माण के कारण इस कस्बे में करीब एक दर्जन विवाद हाईवे तथा राजस्व अधिकारियों के यहां पड़े हैं, जिनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां पर एक बात प्रचलित है कि बड़ा प्रोजेक्ट के घपले बड़े हैं और इंजीनियर और अधिकारियों के हिस्से बड़े हैं। कोई कहीं भी शिकायत करे सबसे टक्कर लेने के लिए इनके हौसले बढ़े हैं।



हाईवे के नवनिर्मित पुल की स्थिति देखने पहुंची टीम। अमृत विचार

### कब्जेदारों को 24 घंटे का दिया गया अल्टीमेटम

तहसील बिन्दकी के नेशनल हाईवे स्थित कस्बा औंग में इमरजेंसी सेवा के आरपीओ बृजेश कुमार व श्याम पाण्डेय ने सड़क के दोनों ओर के स्थाई व अस्थाई अतिक्रमणकारियों को नाला व फुटपाथ के साथ अधिग्रहित जमीन खाली करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया। कहा कि यदि समय रहते अतिक्रमण न हटा तो बलपूर्वक इसे हटा देंगे।

# पुलिस ने एक परिवार के 15 लोगों को किया पाबंद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बिंदकी पुलिस ने छात्र और होमगार्ड सहित डेढ़ दर्जन लोगों पर की कार्रवाई
- बीट के सिपाही पर आरोप विरोधियों से मिलीभगत कर रचा षड़यंत्र

**अमृत विचार।** बिंदकी पुलिस की मनमानी का एक मामला सामने आया। तेंदुली गांव के करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने एसडीएम बिंदकी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शुक्ला खानदान को चुनावी प्रक्रिया में अपराधी श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है।

इतना ही नहीं गांव के ही रहने वाले एक होमगार्ड व इंटर मीडियट के छात्र को पाबंद करके छात्र का साजिशन भविष्य खराब करने की कोशिश की गई। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मामले में एसडीएम ने बिंदकी पुलिस को निस्तारित करने की बात कही है।

तेंदुली गांव के निवासी चन्द्रशेखर, विमल कुमार, अनुज कुमार अरविंद कुमार आदि करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि लगभग 80 वर्षीय चन्द्रशेखर को भी लोकसभा चुनाव को लेकर पाबंद किया गया जो चलने फिरने में असमर्थ हैं और बीमार रहते हैं। जिनका इलाज पीजीआई में चल रहा है। वह बुढ़ापे में अपराधी बनाने की साजिश से खासे परेशान हैं। इसी तरह इंटर मीडियट के छात्र अनुज कुमार पुत्र अरविंद व उसके पिता होमगार्ड अरविंद कुमार को पाबंद किए जाने की बात कही गई। ग्रामीण शिव नरेश का आरोप है कि साजिशन पुलिस ने जानबूझ कर परेशान करने की नियत से की है। कई ग्रामीण एसडीएम से मिलने के बाद बिंदकी कोतवाली पहुंचे तथा पुलिसिया कार्रवाई को निरस्त किए जाने की मांग की है। शिव नरेश को आरोप है कि पूरे शुक्ला खानदान को अपराधी बनाने की साजिश पर रोक नहीं लगी तो चुनाव का बहिष्कार भी कर सकते हैं। मामले की जानकारी ग्रामीणों को तब हुई जब सिपाही गांव पहुंचा।

## सार-संक्षेप

### छह माह पहले हुई साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**औंग।** थाना क्षेत्र कल्यानपुर निवासी रोहित गौतम पुत्र रमेश प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके साथ छह माह पहले साइबर ठगी हुई थी। मामला संज्ञान में लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार छह माह पूर्व साइबर ठगों ने व्हाट्सएप की चैटिंग के माध्यम सोलर कम्पनी की जानकारी दी गई और इसकी खरीद करने व एजेंसी लेने आदि के उद्देश्य से कैनेडियन सोलर कम्पनी का ऐप डाउनलोड कराया गया। पांच बार में फोन-पे व नेट बैंकिंग के जरिए उससे 1.60 लाख रुपए आईसीआईसीआई बैंक के एक खाते में डलवा लिए गए। सात दिन बाद ऐप बन्द हो गया। तब उसे अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। बताया कि जिस खाते में पैसा मंगाया गया वो खाता गो ट्रैवल ओवरसीज के नाम से था। उसने साइबर क्राइम की वेबसाइट में जाकर शिकायत दर्ज कराई तो 1.18 लाख रूपए बैंक द्वारा सीज किया जाना बताया गया लेकिन अभी तक उसे उसकी रकम वापस नहीं हुई है।

### शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग

**थरियांव।** थाना क्षेत्र के थरियांव असोथर रोड पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक के दुकान में बुधवार शाम बिजली शार्क सर्किट के चलते आग लग गई। चंद मिनट में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक लोगो की मदद से आग पर काबू पाया जाता, तब तक दुकान में रखा लगभग पांच लाख के विद्युत उपकरण जलकर राख हो गए। थरियांव थाना क्षेत्र के करनपुर मजरे रामपुर गांव निवासी इंद्रजीत लोधी के मकान में अमर इलेक्ट्रॉनिक के नाम से इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालित है। वही दुकानदार अमर ने बताया कि शार्ट सर्किट होने से इलेक्ट्रॉनिक सामान जल कर राख हो गया है।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खखरेरू पुलिस ने नकदीनपुर बरयेपुर निवासी ओमप्रकाश प्रजापति उर्फ चन्द्र प्रकाश पुत्र सोहनलाल प्रजापति के खिलाफ अपहरण समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### ससुराल पहुंचे दामाद को पीटा

**बिन्दकी।** रारी गांव में ससुराल गए मोहम्मद नफीस पुत्र मोहम्मद शफी निवासी गजनेर जनपद कानपुर देहात को उसके ससुर फुलवारी साले खुर्शीद तथा मेहंदी हसन अपशब्द बोलने लगे जब मोहम्मद नफीस ने अपशब्द बोलने का विरोध किया तो ससुर व दोनों सालों ने मिलकर मारपीट कर दी।

# गौशाला में मृत गोवंश बाइक पर ढो रहे

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- गौशाला में भूख व प्यास से दम तोड़ रहे गोवंश, वीडियो वायरल

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ज्यादा तक गौशालाओं में बंद गोवंश भूख और प्यास से तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। गोवंशो की मौत के बाद उनके शव को दफन करने के बजाय बाइक से ढोए जा रहे हैं। मृत गोवंश के शव को बाइक से ढोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वायरल की वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। आरोप है कि जिम्मेदार कार्रवाई के बदले संरक्षण दे रहे हैं।

धाता विकास खंड के अहमदपुर कुसुंबा गांव में बने गौशाला का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मृत गोवंश के शव को मोटरसाइकिल में लादकर ले जाना दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन गौशाला में भूख और प्यास से तड़पकर दम तोड़ रहे हैं। जिसके बाद उन्हें दफन करने की वजह है तस्करों के हाथ बेचा जा रहा। पिछले दिनों भी गौशाला में मृत पड़ी गाय के सड़े हुए शव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिस गौवंश के आधे शव को कुत्ते नोच कर खा चुके थे।

उसे दफन करने के बजाय गौशाला में ही तिरपाल से ढक कर रख दिया गया था। वही बताया जा रहा है कि गौशाला में खाने के लिए सूखा भूसा दिया जाता है, जिसकी वजह से गौशाला में बंद गौवंशों की मौत हो रही है। लगातार इस गौशाला में गोवंशो की दुर्दशा का वीडियो वायरल होने के बाद भी जिम्मेदार अनभिज्ञ बने हुए हैं।

## सड़क हादसे में दंपति व होमगार्ड जख्मी

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तुराबअली का पुरवा निवासी राजेश कुमार मौर्या अपनी पत्नी प्रेमलता के साथ बाइक से कानपुर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह रेवाड़ी के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे अनियंत्रित होकर बाइक बगल में बाइक से जा रहे होमगार्ड रामपाल यादव निवासी औसेरी खेड़ा थाना बकेवर से टकरा गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**हादसे में जीजा-साले घायल:** बिन्दकी। नगर के महारहा रोड स्थित बाईपास के पास बाइक से ओवरटेक करते समय जीजा और साले की बाइक आपस मे भीड़ गई। जिसमें जीजा पवन सविता पुत्र देवी प्रसाद निवासी डीघरुवा थाना जाफरगंज और साला दीपक पुत्र पुन्नी सविता निवासी छिवली थाना औग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गर्मी के तेवर तल्ख, 38 डिग्री पर पहुंचा तापमान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अप्रैल के दूसरे सप्ताह से गर्मी अपने तीखे तेवर दिखाने लगी है। स्थिति यह है कि बुधवार को तापमान बढ़कर 38 डिग्री पहुंच गया। दोपहर को तो गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। हालांकि बीच बीच में बादल भी छाए रहे लेकिन गर्मी के तीखे तेवरों ने खूब परेशान किया। पिछले तीन दिनों से गर्मी खूब परेशान कर रही है। अभी तापमान में और इजाफा होने की संभावना है।

इस साल अप्रैल की शुरुआत से गर्मी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। मंगलवार को तापमान 38 डिग्री पहुंच गया था और बुधवार को भी तापमान 38 डिग्री पर ही टिका रहा। खास बात यह है कि इस 38 डिग्री तापमान में तीखी गर्मी महसूस की गई। गर्मी के कारण लोगों को अपने अंगोछे और कैप निकालनी पड़ गई। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर लोग अंगोछे से चेहरा ढककर जाते दिखाई दिए। इन दिनों दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक गर्मी के तीखे तेवर झेलने पड़ रहे हैं। अनुमान है कि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी।

### हीट वेव के लिए बार कोड जारी

गर्मी को देखते हुए हीट वेव से बचाव के लिए बार कोड जारी किया गया है। इस बार कोड के माध्यम से हीट वेव की स्थिति में क्या करें क्या न करें एवं उपचार की जानकारी मिल सकेगी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जन अभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस बार कोड को किसी भी मोबाइल फोन से स्कैन करते ही हीट वेव से बचाव की जानकारी तत्काल मिलेगी।

# कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह गौतम बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपाई हो गए। भाजपा का दामन थामने के बाद जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष ने देवेंद्र सिंह गौतम को पटका पहनाकर, तलवार भेंट कर तथा 51 किलो की माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर देवी शंकर मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, अचल सिंह, राम प्रताप सिंह भदौरिया, शिव प्रताप सिंह उर्फ पुत्तू एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, जगमोहन सविता, मोहम्मद फरीद खान, राम प्रसाद सहित कई अन्य ने भी भाजपा का दामन थामा। देवेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि जिस प्रकार से उन्हें भाजपा कार्यालय में स्वागत और सम्मान मिला है इतना तो उन्हें कांग्रेस में पिछले 35 सालों में नहीं मिला। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरीके से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है, यह इस बात का संकेत है कि भाजपा की नीतियों से सभी प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने कहा सभी मिलकर भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करके इस बार जो नारा दिया जा रहा है कि अबकी बार 400 बार इसको हमें आगे बढ़ाना है और समाज हित में कार्य करना है। इस अवसर पर खागा विधायक कृष्णा पासवान, पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, शैलेंद्र रघुवंशी, ज्ञानेंद्र सचान, कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शिवहरे, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, जिला मंत्री मनोज मिश्रा, राम प्रताप सिंह गौतम, प्रदीप गर्ग, विजय लक्ष्मी साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, विक्रम सिंह चंदेल, सुनिधि तिवारी, वंदना द्विवेदी समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



जिला कार्यालय में देवेंद्र सिंह गौतम का स्वागत करते भाजपाई।



# गुरु कृपा से ही होता परमात्मा से मिलन

संवाददाता, पुखरायां

- संतु भवन भोगनीपुर में हुआ निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग

**अमृत विचार।** संत, पीर, पैगंबर व गुरुओं ने हमेशा प्रेम का संदेश दिया है। निराकार गुरु की कृपा से परमात्मा की प्राप्त होती है। यह बात संत निरंकारी मिशन की बहन संतोषी ने बुधवार को संतु भवन भोगनीपुर में आयोजित निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि निराकार की प्राप्ति से आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है और आनंद की अनुभूति होती है। धरती पर प्राणियों के कल्याण के लिए जितने भी महापुरुष पीर, पैगंबर व सतगुरु अवतरित हुए हैं। सभी ने प्यार के पुल बनाने की बात कही है। सतगुरु की कृपा दृष्टि जब भक्तों पर पड़ती है तो उनके लिए अनंत भौतिक और आध्यात्मिक खजाने खुल जाते हैं। जीव के सामने ईश्वर साकार रूप में खड़ा हो तो उसके सानिध्य का जीवन पर असर पड़ता है। निराकार ही परमात्मा है। मानव को सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। इससे ही मानव का कल्याण है। लेकिन आज का इंसान मानवीय मूल्यों को भूलता जा रहा है। सत्य के मार्ग पर परेशानियां हो सकती हैं, लेकिन परिणाम अच्छे होते हैं।

# रनियां के सेंगर रिसॉर्ट में रोडवेज का यात्री प्लाजा शुरू

संवाददाता रनियां

**अमृत विचार।** राज्य परिवहन निगम द्वारा कानपुर-झांसी रूट की सभी बसों के ठहरने व यात्रियों के जलपान के लिए रनियां के सेंगर रिसॉर्ट में यात्री प्लाजा संचालन की अनुमति दी गई है। बुधवार को वैदिक मंत्रोंच्चारण के बाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी ने सभी यात्रियों को व्यंग सुनाकर गुदगुदाया।

कार्यक्रम के दौरान रोडवेज बसों के चालक व क्लीनर को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं यात्री प्लाजा में ठहरने वाली रोडवेज बस यात्रियों को फ्री में जलपान कराया गया। आयोजक रिसॉर्ट संचालक अंशु त्रिपाठी, शिवगोपाल सिंह व पप्पू चंदेल ने हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी को प्रतीक चिंह भेंट किया और माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने सभी यात्रियों से अपील कि वह रोडवेज बसों के चालक से कहकर यात्री प्लाजा पर जलपान करने के लिए अवश्य रुकें। क्योंकि प्लाजा में महिलाओं के लिए भी समुचित व्यवस्था है। इस दौरान आर्यन चौरसिया, अरुण त्रिपाठी, परिचालक अंशू सिंह, चालक मिथुन कुमार, मलखान सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश तिवारी, शिवबाबू, संतोष राजावत आदि रहे।

- पहले दिन बस चालक और परिचालकों को दिए उपहार यात्रियों को मुफ्त जलपान



यात्री प्लाजा में हास्य कलाकार को उपहार देते संचालक।





यात्री प्लाजा पर जलपान करते हुए लोग। अमृत विचार

# विद्युत तार गिरने से गेहूं के खेत में लगी आग

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के सूरजपुर में विद्युत लाइन के जर्जर तार टूटकर गिरने से गेंहू के खेत में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग लगने की फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया। बुधवार शाम ग्राम सूरजपुर में विद्युत लाइन के जर्जर तार टूटकर कर गेंहू के खेत जा गिरा। उसकी चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। जानकारी होने पर फायर ब्रिगेड को सूचना देकर किसान आग बुझाने की कोशिश में लग गए। सूचना के बावजूद दमकल कर्मी मौके पर नही पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से सूरजपुर निवासी किसान जयराम, ब्रजेश, सर्वेश के खेत में गेंहू की फसल जलगई।

दिशा-निर्देश | शिक्षकों के लिए सभी प्रकार के अवकाश का सटीक विवरण होगा दर्ज

# मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज ब्योरे की दूर होगी खामी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को नामांकित बच्चों का डाटा मानव संपदा पोर्टल पर सही अपलोड करना होगा। इसके साथ ही सभी प्रकार के अवकाश का विवरण भी विभाग को सटीक प्रदान करना होगा। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को पत्र भेजा है।

अध्यापकों और स्कूलों से जुड़े अन्य डाटा को शत-प्रतिशत सही दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। शिक्षकों को सही डाटा विभाग को प्रदान करने का प्रमाण देना होगा। जांच में गलत प्रमाण पत्र मिलने पर संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिले में बड़ी तादाद में ऐसे विद्यालय हैं, जहां मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज ब्योरे में खामियां है। इसी बीच महानिदेशक ने बीएसए को पत्र भेजकर सभी सूचनाओं और डाटा को सुधार कर प्रमाण पत्र मांगा है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी लोग मानव संपदा पोर्टल पर खुद के लॉगिन से विकासखंडों के समस्त विद्यालयों की रिपोर्ट डाउनलोड कर लें। अगर इस रिपोर्ट में प्रदर्शित कार्यरत शिक्षकों की संख्या विद्यालय में कार्यरत वास्तविक शिक्षकों की संख्या से अधिक है तो इसकी जानकारी एकत्र करें। यह भी सुनिश्चित करें कि सेवानिवृत्त शिक्षक, मृत शिक्षक या फिर सेवा समाप्त शिक्षक के संबंध में ट्रांजेक्शन का अंकन कर दिया गया है या नहीं।

स्थानांतरित होकर गैर जनपद गए शिक्षकों के रिलीविंग हुई है या नहीं। इसके बाद भी अगर किसी अवांछित कार्मिक की आईडी विद्यालय में प्रदर्शित होती है तो उसे अननोन लोकेशन पर रिलीव कर दें। अगर किसी विद्यालय में अध्यापकों की संख्या कम प्रदर्शित हो रही है तो उसकी जांच कर ली जाए। कुछ अध्यापकों की सेवा पुस्तिका और ई-सेवा पुस्तिका में चिकित्सा अवकाश, बाल्य देखभाल अवकाश और मातृत्व अवकाश में अंतर आ रहा है। सेवा पुस्तिका में उनके द्वारा ज्यादा छुट्टी ली गई, लेकिन ई-सेवा पुस्तिका में उनकी छुट्टी कम दिख रही है। शेष अधिक अवकाश दिख रहा है। सभी सेवा पुस्तिकाओं का पुनः परीक्षण किया जाए। इस बावत सरवनखेड़ा बीईओ अजीत प्रताप सिंह ने सभी प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे चिकित्सकीय अवकाश, बाल देखभाल अवकाश, मातृत्व अवकाश की सही-सही सूचना विभाग द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रोफार्मा पर तीन दिनों में उनके कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।





# मुक्तेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन को भक्तों की भीड़

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन माता मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। भक्तों ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी का दर्शन पूजन कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। लोगों ने मां के चरणों में माथा टेका और मनौतियां मांगी।

मूसानगर के उत्तर वाहिनी यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में बुधवार को सुबह पट खुलते ही माता के जयघोष और घंटों की घनघनाहट से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं का आना-जाना पूरे दिन चलता रहा। मंदिर के पुजारी श्याम लाल द्विवेदी ने बताया कि माता के दरबार में देशी घी का दीपक चौबीसों घंटे बराबर जलता रहता है। यह परंपरा शुरू से ही चली आ रही है। श्री मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति मंदिर की देखरेख व रखरखाव करती है। समिति के कोषाध्यक्ष गयाराम निषाद ने बताया कि नवरात्र में पूरे नौ दिन मेला लगता है। समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी ने बताया कि भक्तों को दर्शन में कोई समस्या न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष बउआ शुक्ला, हुब्बलाल पाल, मयंक द्विवेदी, महेश शुक्ला, अवधेश अवस्थी, रमेश गौतम, नितिन द्विवेदी आदि मंदिर सेवा में लगे रहे। वहीं मूसानगर कस्बे के मध्य स्थित पौराणिक देवयानी सरोवर के तट पर स्थित मां काली देवी मंदिर में भव्य सजावट की गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मुखबिर योजना : सेहत महकमे को नहीं मिल सका एक भी खबरी

## असुरक्षा के चलते कोई मुखबिर बनने को तैयार नहीं, सात साल पहले आई थी योजना

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के कारोबार पर लगाम लगाने व भ्रूण हत्या रोकने के लिए के सात साल पहले स्वास्थ्य विभाग ने मुखबिर योजना लांच की थी। इसके तहत दो लाख रुपये पुरस्कार दिया जाने का ऐलान किया गया था। हैरानी की बात यह है कि योजना के लांच होने के बाद दोआबा के स्वास्थ्य विभाग को एक भी मुखबिर नहीं मिला, जो इस कारोबार को पकड़वाने में मदद कर सके। ऐसा नहीं है कि जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं हैं। मुखबिर को अवैध अल्ट्रासाउंड की सूचना देनी होती है। मुखबिर व गर्भवती को कोर्ट में गवाही देनी पड़ती है। इसके बाद मुखबिर को 60 हजार, गर्भवती महिला को एक लाख और सहायक को 40 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दिए जाने का प्रावधान है।



- अवैध अल्ट्रासाउंड पर लगाम लगाने की पहल नाकाम

### ...तो कारोबारी बन जाएंगे दुश्मन

कोर्ट के समक्ष पेश होकर गवाही देना मुखबिरों के लिए मुश्किल भरा काम है। शहर के अलावा कई स्थान हैं, जहां अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। अगर मुखबिर इनके बारे में जानकारी देता हैं तो यह कारोबारी उनके दुश्मन बन जाएंगे और उनके परिवार की असुरक्षा बढ़ जाएगी।

### प्रचार-प्रसार का अभाव

शासन की ज्यादातर योजनाएं प्रचार-प्रसार के अभाव में दम तोड़ देती हैं। इस योजना का भी हश्र ऐसा ही हो रहा है। लोगों में जानकारी अभाव है। आम लोगों के बीच विभाग को इस योजना का प्रचार-प्रसार ठीक प्रकार से करना होगा।

अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए विभाग सक्रिय है, लेकिन अभी तक कोई मुखबिर विभाग को मिल नहीं पाया है। लोगों में इस बारे में जानकारी का अभाव है। अगर कोई शिकायत करता है तो तत्काल छापेमारी कर कार्रवाई की जाती है।

-डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 70 हजार रुपये

संवाददाता, फतेहपुर

- तीन मार्च की घटना, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज
- जानकारी होते ही एटीएम कार्ड कराया ब्लॉक

**अमृत विचार।** एटीएम कार्ड बदलकर शातिरो ने खाते से 70 हजार की रकम पार कर दी। मामले मे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से शातिरों की तलाश कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कटरा अब्दुलगनी निवासी सुशील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वह तीन मार्च को ज्वालागंज स्थित एसबीआई एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गए थे। रकम निकालने के दौरान दो युवक आ गए और पर्ची निकालने को लेकर बहस करने लगे। इसी दौरान शातिरो ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसे दूसरा कार्ड दे दिया। इसके बाद शातिरो ने वर्मा चौराहा स्थित एटीएम बूथ से 30 हजार रुपया निकाल लिया लेकिन उनके मोबाईल पर रकम निकासी का कोई मैसेज नहीं आया। इसके बाद शातिरो ने दूसरे दिन बांदा मे कार्ड से 40 हजार रुपया और निकाल लिया। तब मोबाईल पर रकम निकासी का मैसेज आया तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। पीड़ित ने तत्काल अपना एटीएम कार्ड ब्लाक करवाया और बैंक स्टेटमेन्ट निकाल कर मामले की शिकायत कोतवाली में की। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले मे रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है। जल्द शातिरो को गिरफ्तार किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### ससुर सहित दो लोगों पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली पुलिस ने ससुर व एक अन्य रिश्तेदार पर दुष्कर्म किए जाने के आरोप पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने पति पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ससुर श्रीराम उस पर गलत नीयत रखता है। अकेला पाकर उसके साथ ससुर ने दुष्कर्म किया। किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कल्यानपुर थाने के गौसपुर निवासी रिश्तेदार सुशील कुमार सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर पति ने उसके साथ ही गाली गलौज और मारपीट की। कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

### खेत जा रही महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**फतेहपुर।** खेत जा रही महिला किसान की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। महिला के परिजनों को जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। औंग थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव की रहने वाले राम बिहारी की 65 वर्षीय पत्नी जय दुलारी सुबह छह बजे के आसपास घर से खेत गेहूं काटने के लिए जा रही थीं। गांव के पास से निकली रेलवे लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन आ जाने से महिला किसान हट नहीं सकी और ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कुछ देर बाद जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो परिजनों को जानकारी दी। महिला के भतीजे गजेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह चाची खेत में गेहूं काटने के लिए गई थी। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# दो स्थानों पर 75 बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता, बहुआ/थरियांव

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुई आगजनी की घटनाओं से कई किसानों की कई 75 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटनाओं की जानकारी पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक किसानों की फसलें जलकर राख हो गईं।

ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा निवासी अनिरुद्ध द्विवेदी पुत्र शिवशंकर के खेत में बुधवार को ट्रांसफार्मर की चिंगारी से पास के ही गेहूं के एक खेत में आग लग गयी। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जब तक ग्रामीण इकट्ठा होते तब तक आग ने अपना दायरा बढ़ाते हुए पास में ही ओम दत्त पुत्र परशुराम, विजय पुत्र परशुराम, सूतीक्षण पुत्र शिवशंकर अनिरुद्ध पुत्र शिवशंकर के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को भी अपनी जद में ले लिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना दमकलकर्मियों को दी और खुद ही आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी देर बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसानों की करीब 50 बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। सूचना पर राजस्व टीम ने पहुंचकर किसानों को हुए नुकसान का मौका मुआयना शुरू किया और जल्द ही मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

उधर, थरियांव थाना क्षेत्र के अजईपुर मजरे संवत चौकी महिचा मंदिर में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पकी खड़ी गेंहू की फसल में शॉर्ट सर्किट से आग लग लग गई। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। लेकिन दमकल कर्मी समय से नहीं पहुंचे और ग्रामीणों ने खुद ही आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर राजेंद्र सिंह, बुद्धि, जोगन, अनूप सिंह, जगतपाल, सुरेंद्र, बोधन व असरफी लाल की करीब 25 बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई थी। किसानो ने आरोप लगाते हुए कहा कि दमकल की गाड़ियां समय से नही पहुंच सकीं।



थरियांव क्षेत्र में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

- बहुआ और थरियांव थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं
- ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाई गई आग

# लापरवाही में रोका गया सफाईकर्मियों का वेतन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन द्वारा निर्धारित माह अप्रैल में विशेष संचारी रोग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में रोस्टर बनाकर गांव की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, एन्टी लार्वा एवं चूना छिड़काव आदि कार्य कराया जा रहा है। इसके अनुपालन में विकास खण्डवार ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना तैयार करायी गयी। डीपीआरओ के निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मियों का वेतन रोका गया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार साफ-सफाई कार्य का औचक निरीक्षण डीपीआरओ द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत करसवां में सफाई कर्मचारी शिव भोला एवं ग्राम पंचायत-सामियाना में सफाई कर्मचारी रोशन लाल के सफाई कार्यों में लापरवाही करने के कारण एक दिन का वेतन रोक दिया गया है। ग्राम पंचायतों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार रास्तों की साफ सफाई का कार्य कराये जाने की जानकारी सहायक विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई। साफ-सफाई कार्य में टीमों के उचित प्रबन्धन एवं सफाई कार्य का अनुश्रवण न किये जाने के सम्बन्ध में राजेश पटेल सहायक विकास अधिकारी बहुआ, राज कुमार ग्राम पंचायत सचिव बंवारा और राघवेन्द्र प्रसाद ग्राम पंचायत सचिव सामियाना को कारण बताओ नोटिस प्रदान की गई। ग्राम पंचायत शाह, करसवां, बंवारा एवं सामियाना में डीपीआरओ उपेन्द्र राज सिंह ने मुआयना किया।



अभियान के तहत गांवों में किया गया एंटी लार्वा का छिड़काव। अमृत विचार

# घरों-मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार को भक्त देवी मंदिरों पर पहुंच कर पूजा अर्चना की। घर से लेकर मंदिरों तक मां ब्रह्मचारिणी पूजी गईं। सुबह-सुबह मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ आराधना की। झोली फैलाए भक्त मां के दरबार में पहुंचे। जल चढ़ाया, चंदन, रोली, महावर, चूड़ी, चुनरी, श्रृंगार की सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

वासंतिक नवरात्र इस बार पूरे नौ दिनों के हैं। एक भी दिन का छय नहीं है। लिहाजा, बुधवार को ब्रह्माण्ड की रचयिता मां ब्रह्मचारिणी की उपासना हुई। वहीं चैत्र नवरात्र शुरू होते ही देवी उपासक शक्ति की भक्ति में लीन हो गए।

सुबह-सुबह मंदिरों पर घण्टा-घड़ियाल के बीच पहली आरती हुई। मां का विशेष श्रृंगार किया गया। दूसरे दिन मां ब्रहमचारिणी को भक्तों ने जल चढ़ाया। शहर के दुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में आस्था दिखी। भक्त हाथों में पूजा की थाली, फूल, फल, नारियल लिए माता के दरबार पहुंचे। लोगों ने दुर्गा चालीसा का पाठ भी किया।



नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में लगी भक्तों की कतार। अमृत विचार

### सिद्धपीठ मां ज्वाला देवी मंदिर में उमड़े भक्त

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन बिंदकी नगर के मां ब्रम्हचारिणी की पूजा अर्चना के लिए सिद्धपीठ समेत तमाम देवी स्थलों में सुबह से भक्तों का जमावड़ा रहा। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। सिद्धपीठ मां ज्वाला देवी, मां शीतला देवी, मां काली देवी, छोटी काली देवी, शिव कैलाश मंदिर सहित तमाम देवी स्थलों में भक्तों का तांता लगा रहा। मां के दर्शन को मंदिरों में लम्बी कतार लगी रही। भक्तों ने विधि विधान के साथ पूजा की।

### कन्या पूजन का भी दौर शुरू

नवरात्र शुरू होते ही कन्या पूजन का सिलसिला भी जारी हो गया। बुधवार को कई घरों में कन्याओं के अपने हाथों से पैर धुलाए और उनकी पूजा की। स्वागत सत्कार के बाद उन्हे भेजा गया। उन्होंने बताया कि कन्या देवी स्वरूप होती है। सभी को इनका आदर करना चाहिए।

# होम्योपैथी के जनक हैनीमैन की मनाई गई जयंती

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होमियोपैथी के जन्मदाता डॉ. हैनीमैन की जयंती बुधवार को उत्साह के साथ मनाई गई। विश्व होमियोपैथिक दिवस पर होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा में एचएमआई के अध्यक्ष डॉ पंकज रस्तोगी के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया।

इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा प्राथमिक विद्यालय अन्दौली नगर क्षेत्र, आंगनबाड़ी केंद्र सिविल लाइन्स द्वितीय, आंगनबाड़ी केंन्द्र अन्दौली प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम के सभी कुल 233 बच्चों को चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने एवं रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर एचएमआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद त्रिपाठी, डॉ सेराज खान, प्रधानाचार्य हरिओम शर्मा, मधु गुप्ता आदि मौजूद रहीं।



मूर्ति को माला पहनाते डॉक्टर।

# निजी अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर से कस्बों तक संचालित नर्सिंग होम नियम और कानून को ताख पर रखकर संचालित हो रहे हैं। 90 फीसदी नर्सिंग होम फायर एनओसी से नहीं बल्कि शपथ पत्र देकर संचालित किए जा रहे हैं। जिन नर्सिंग होम में फायर उपकरण लगे हैं उनकी भी जांच समय से नहीं हो रही।

दोआबा के निजी अस्पतालों में आग लगने की दशा में उस पर काबू पाने के लिए मुकम्मल इंतजाम तक नहीं हैं। पानी की व्यवस्था तो दूर कई निजी अस्पताल ऐसे हैं, जहां अग्निशमन की गाड़ी भी नहीं पहुंच सकती। अग्निशमन विभाग से एनओसी लिए बिना ही अस्पताल और नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। अस्पतालों में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण रखे जरूर गए हैं लेकिन कम ही अस्पताल हैं जिनके कर्मचारियों को इसे चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है। कभी किसी अस्पताल में आग लगने जैसी घटना हुई तो मरीजों को बचाया जा सके, इसका दावा विभाग नहीं कर रहा है।



- तंग गलियों में खुले अस्पताल जहां नहीं पहुंच सकती हैं दमकल की गाड़ियां

### जनपद में 71 अस्पताल हैं रजिस्टर्ड

दोआबा में 350 से अधिक निजी व सरकारी अस्पताल हैं। सीएमओ कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जिले में सिर्फ 71 नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन है और तमाम ऐसे निजी अस्पताल हैं जो बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। जिला अस्पताल की बात करें तो रोजाना एक हजार से 15 सौ मरीज और उनके तीमारदार आते हैं। महिला अस्पताल में भी तीन सौ से चार सौ मरीज रोजाना आते हैं। जिला अस्पताल की दो मंजिला इमारत में भी आगजनी जैसी घटना से निपटने का कोई खास इंतजाम नहीं है। अग्निशमन के लिए पानी टैंक, फायर अलार्म जैसी सुविधाएं नहीं है।

### शपथ पत्र देकर करा लेते रजिस्ट्रेशन

शहर में कई ऐसी गलियां है जहां नर्सिंग होम खुले हैं, जहां आसानी से अग्निशमन की गाड़ियां भी नहीं पहुंच सकती। जिले के ज्यादातर निजी अस्पताल शपथ पत्र लगाकर रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं। एनओसी के लिए जो मानक हैं वह मानक ज्यादातर संस्थानों ने पूरा नहीं किया है। जिला अस्पताल में पानी का टैंक और फायर एलार्म की व्यवस्था कराने के लिए पत्र लिखा गया है।

जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में उपकरण लगे हैं, इनकी हाल ही में जांच की जा चुकी है। नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस देकर फायर फाइटिंग की सुविधा और फायर एनओसी लेने के लिए आदेश जारी किए हैं।

-उमेश गौतम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनमोल सिंह का नाम बदलकर कार्तिक सिंह रख दिया है अब उसे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र सच्चिदानंद सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट संवरा, थाना व तहसील रसड़ा, जिला बलिया 221701**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना अब्दुल रहमान से बदलकर अब्दुल रहमान अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अब्दुल रहमान अंसारी पुत्र मुख्तार ग्राम बांसगांव राशिद टोला, पोस्ट दुधही, जिला कुशीनगर**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Savir से बदलकर Sabir रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **साबिर पुत्र आस मोहम्मद ग्राम सोहसा पोस्ट बसुली फार्म, जिला महराजगंज 273163**

**सूचना**
सूचित हो कि प्लाट नं0 26 जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 7350 पृष्ठ सं- 181 से 126 पर क्रमांक 12315 में उपनिबन्धक कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसका मूल सेल डीड (Sale Deed) का आखिरी पन्ना कहीं खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **शाखा इंडियन बैंक डी जी मेडिकल सर्विसेस कैसरबाग लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Hifjurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Ikbal Ahmad Khan इकबाल अहमद खान से बदलकर Hifzurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Iqbal Ahmad इकबाल अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **हिफजुर्रहमान पुत्र इकबाल अहमद ग्राम रोहुडिला, टोला उमरानगर, पोस्ट बेल्टीकर रोहुडीला, शिवपतिनगर, जिला सिद्धार्थनगर 272206**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बबलू से बदलकर बबलू गौंड रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **बबलू गौंड पुत्र राजेन्द्र ग्राम बाल खुर्द, पोस्ट चौरी चौरा, जिला गोरखपुर 273201**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2001 व अनुक्रमांक 5156548 और यू0पी0 बोर्ड का इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2134942 वास्तव में कहीं खो गया है। **एखलाक अहमद पुत्र कोतवाल अली निवासी शाहपुर कला विकास खण्ड मिहिपुरवा तहसील मिहिपुरवा मोतीपुर जनपद बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपनी दोनों पुत्रियों दुलारी व रानी और पुत्र सूरज को उनके कार्यकलापों एवं व्यवहार व बर्ताव ठीक न होने के कारण उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ और किसी भी कृत्यों के लिये यह तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे और मेरी चल अचल सम्पत्ति के वारिस मेरे दोनों पुत्र कुलदीप व जयराम होंगे। **रामकुमारी पुत्री श्री छोटा निवासी ग्राम खेड़ा डीहा ढकवा भदवाना मलिहाबाद, लखनऊ**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 1/75 सेक्टर-1 गोमती नगर विस्तार लखनऊ से संबन्धित मूल आवंटन पत्र दिनांकित 02/03.03.2005 एवं मूल विक्रय कि लेख संख्या-14527 दिनांकित 27.12.2008 का आखिरी पृष्ठ कहीं खो गया है जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिला उक्त दस्तावेजों को किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का उपयोग असंवैधानिक होगा।
प्रार्थिनी
डा0 श्वेता सिंह पुत्री श्री विनोद कुमार सिंह
निवासिनी:-सेक्टर 8/401, इन्दिरा नगर, विमल पार्क के सामने, इन्दिरा नगर लखनऊ। मो0नं0:-9936907703

**हर्षोल्लास** मस्जिदों में ईद की नमाज के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया, शहर और कस्बों की बाजारों में रही चहल-पहल

# आज मनाई जाएगी ईद, रात तक खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रमजान माह में एक माह से अल्लाह की इबादत करने में मशगूल इबादतगार अब ईद मनाएंगे। बुधवार को चांद का दीदार होने पर गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। एक तरफ लोग देर रात तक ईद की खरीदारी करते रहे। दूसरी ओर ईदगाह के साथ अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

मुस्लिम समुदाय के अधिकांश लोग रमजान महीने में पांच वक्त की नमाज, रोजा और कुरान की तिलावत विशेष रूप से करते हैं। इसके बाद लोग ईद मनाकर खुशियां मनाते हैं। ईद का त्योहार चांद निकलने पर मनाया जाता है। सभी को उम्मीद थी कि मंगलवार को चांद दिख जाएगा तो बुधवार को ईद मनाई जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब गुरुवार को ईद मनाने को लेकर बुधवार की देर रात तक शहर व कस्बों की बाजारों में चहल-पहल रही। पुरुषों के साथ महिलाएं खाने-पीने की दुकानों के साथ कपड़ों की खरीदारी करती रहीं। शहर के चौक बाजार, लाला बाजार, बाकरगंज, आबूनगर के साथ ग्रामीणांचलों के कस्बों में लोग दोपहर से रात तक खरीदारी करते रहे। त्योहारी सीजन में फलों के साथ सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। जिससे लोगों का बजट गड़बड़ा रहा है। फिर भी लोग खरीद रहे हैं।



ईद पर्व को लेकर सेवइयां खरीदते लोग। अमृत विचार

### ईदगाह में हुई साफ-सफाई, पालिका की टीम पहुंची

शहर में ईदगाह की साफ-सफाई कराई गई। कस्बों में भी जहां-जहां ईद की नमाज के लिए ईदगाह बने हैं। वहां भी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करके अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। सदर में नगर पालिका परिषद की टीमें व्यवस्था करने में जुटी रहीं। इसी तरह से नगर निकायों में भी ईदगाह में नमाज के लिए व्यवस्थाएं पूरी की गईं।

- त्योहारी सीजन में फलों के दाम आसमान छूने लगे

### ईदगाह में आठ बजे होगी नमाज

चांद का दीदार करने के बाद शहरकाजी शहीदुल इस्लाम अब्दुल्ला ने बताया कि ईदगाह में निर्धारित समय प्रातः आठ बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों का आहवान किया कि निर्धारित समय का ध्यान रखते हुए ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए नमाजी पहुंचने का काम करें। पर्व को मिल-जुलकर आपसी भाईचारे के बीच मनाएं।

# चांद का दीदार होते ही खुशियों को लगे पंख

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रमजान के 30वें दिन चांद का दीदार करते ही रोजदार खुशी से झूम उठे और एक-दूसरे को चांद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चांद देखते ही आतिशबाजी व गोले दागे गए। ईद की तैयारियां यूं तो रमजान माह के आधे रोजे पूरे होने के बाद शबाब पर पहुंचने लगती है लेकिन चांद निकलने के बाद ईद की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए बाजार में जो हुजूम लोगों का उमड़ता है तो भीड़ देखते ही बनती है। खरीदारी करने के लिए हर दुकान में महिलाएं और पुरूष जमा रहे। न महंगाई का असर दिखाई दिया और न सस्ते, महंगे सामान की फिक्र रही। फिक्र रही तो सिर्फ इस बात की कहीं कोई सामान लेने से छूट न जाए। चांदरात में दुकानदारों की चांदी रही। बुधवार को ईद के चांद का दीदार करने के बाद ईद की तैयारी में जो सामान खरीदने से रह गया था, उसे खरीदने के लिए चौक बाजार एवं मुस्लिम चौक में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सिलाई की दुकानों में सिलकर तैयार हुए कपड़ों को लेने के लिए लोगों की लाइन लगी रही। रेडीमेड गारमेन्ट्स में सिले सिलाए कपड़ों की खरीददारी करने के लिए युवाओं का तांता लगा रहा। सेंवई, सूतफेनी, चीनी, मेवा, खोवा, दूध आदि की खरीदारी देर रात तक चलती रही। ईदगाह समेत जिले की सभी मस्जिदों में रंगाई-पुताई का काम पहले ही करा दिया गया था।

## एक नजर

### जटिल बीमारियों में होम्योपैथी कारगर

छिबरामऊ, कन्नौज। मोहल्ला बजरिया स्थित नई धर्मशाला के पास होम्योपैथी दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 160 मरीजों का परीक्षण दवा वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. शिवम अग्निहोत्री ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा से लोग बिना आपरेशन जटिल बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। इससे पहले होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गए। डॉ. महेशचन्द्र अग्निहोत्री, डॉ. प्रत्युष दुबे, डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. आनंद शाक्य, डॉ. नितिन, विकाश मिश्र, अभिषेक पांडेय, हिमांक दुबे, शिवंशु दुबे, हिमांशु दूबे, पुलकित कटियार, सौरभ तिवारी, अंशु चौरसिया, सत्यम मौजूद रहे।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह अग्निपीड़ितों से मिले

सौरिख, कन्नौज। थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर और हजरतपुर गांव में दो किसानों की गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई थी। बुधवार को पहुंचे सपा के नवाब सिंह यादव ने पीड़ित किसानों से मुलाकात कर जले हुए खेतों का निरीक्षण किया और सरकार से मांग की कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर सुमन दोहरे, मनोज कठेरिया, जीतू यादव, विपिन यादव, संटू प्रधान, कपिल चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

### नशीले पाउडर के साथ किया गिरफ्तार

कन्नौज। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी दामोदर उर्फ मोदी पुत्र श्रीकृष्णा निवासी ग्राम कासिमपुर थाना कोतवाली कन्नौज को 320 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### तहसील सभागार से एसी चोरी करने वाला गिरफ्तार

कन्नौज। सदर तहसील सभागार से चोरी एसी को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। नायब नाजिर तहसील सदर की तहरीर पर चोर ने 21 जनवरी की रात में तहसील परिसर के सभागार में लगी एसी चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद बुधवार को आरोपी अंकित उर्फ लल्ला पुत्र राम महेश निवासी मोहल्ला काजी टोला थाना कोतवाली कन्नौज को चोरी गए सामान एवं नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। आरोपी को गिरफ्तार करने में इंसपेक्टर दिग्विजय सिंह, दरोगा अजब सिंह, दरोगा शेखर सैनी समेत टीम शामिल रही।

# रास्ते से ट्रैक्टर निकालने में दो पक्ष भिड़े, छह घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम खुबरियापुर के एक घर मे चल रहे निर्माण कार्य के चलते रास्ता बंद हो गया। यहीं से ट्रैक्टर निकलने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे, जिसमें छह लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खुबरियापुर निवासी राजवीर ने बताया कि उसके मकान में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते घर का सामान रास्ते में रखा था। वहां से बड़े वाहन का निकल पाना मुश्किल था। बुधवार को पड़ोस के ही बैजनाथ अपना ट्रैक्टर इसी रास्ते से निकालने की जिद करने लगे, तो उन्हें दूसरे रास्ते से निकल जाने को कहा। इसको लेकर वाद विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी-डंडे ईंट-पत्थर चलने लगे।


अस्पताल में मौजूद घायल।

इसमें वह व उसकी पत्नी किरण, बेटा मयंक के साथ भाई रामवीर तथा दूसरे पक्ष से रामानंद और उसकी पत्नी श्रीदेवी घायल हो गई। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो-दो लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की है।

# मां ब्रह्मचारिणी की आराधना को मंदिरों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना हुई। सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों की कतारें देखी गईं। घरों मंदिरों में शंख, घंटे गूंज रही।

मां फूलमती मंदिर, क्षेमकली मंदिर, मां काली-दुर्गा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। प्रसाद में मिष्ठान के अलावा फूल, फल, धूपबत्ती, दीपक आदि लेकर भक्त मंदिरों में पहुंचे। इसके अलावा पंडालों में भी श्रीमद् देवी भागवत कथा, श्रीमद् भागवत व श्रीराम कथा समेत कई तरह के कार्यक्रम हुए। देर शाम को पंडालों में आरती के दौरान भक्तों की तालियों से मातारानी का स्वागत किया। इसी तरह मां दुर्गा सेवा समिति की ओर से तिर्वा के डम्मरपुर गांव में श्रीरामकथा के दूसरे दिन आचार्य कौशल जी महाराज ने नाम के प्रभाव का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा सुनने से


तिर्वा के डम्मरपुर गांव में श्रीराम कथा कहते कौशल जी महाराज।

भगवान का दर्शन मिल सकता है। कार्यक्रम में भजन, गंगा मइया की पवित्रता, गाय माता की सेवा, गौरी पूजा अर्थात बेटियों की सुरक्षा सम्मान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस मौके पर बलराम सिंह बघेल, प्रभात त्रिपाठी, सत्यम दुबे, मुन्नू सिंह, रिंकू तिवारी, विनोद प्रजापति व राजेश वर्मा मौजूद रहे।

**जयकारों से गूंजा मां का दरबार:** सौरिख रोड स्थित मां कालिका देवी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रृद्धालुओं का बुधवार से सुबह से लेकर देर रात तक तांता लगा रहा। जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। श्रृद्धालुओं ने भक्तिगीतों और मइया के जयकारों के साथ निकलना शुरू की। बच्चे, युवक-युवतियां, महिलाएं, पुरुष हाथों में गंगाजल, पूजा की थाली लिए हुए मंदिरों की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे थे। मंदिर के बाहर मइया की चुनरी, प्रसाद, फूल और फूलों की माला एवं गृह उपयोगी वस्तुओं के लिए दुकानें सजी हैं।


मां भगवती की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### गुरसहायगंज के नवदुर्गा महोत्सव में संध्या आरती

गुरसहायगंज। नगर के पावर हाउस स्थित मंदिर में बाबा गंगेश्वर नाथ सेवा समिति की ओर से 23वां विशाल नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयोजकों ने विशाल संध्या आरती की। इस दौरान विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, डॉ. राम मिलन सिंह तोमर, अरविंद यादव, उमाकांत सैनी, गोविंद तिवारी, सुगम दुबे, विपिन गुप्ता, रविंद्र चौरसिया, रामअवतार, सुमित, वीरेंद्र, राजेश भारद्वाज, दिव्या सक्सेना, स्मृति, मालती व अंशिका मौजूद रहीं।

### सूरज की तेज तपिश से 11 बजे के बाद ही घरों से बाहर निकलना हो गया मुश्किल

# भीषण गर्मी में झुलसा बदन पारा 39.9 डिग्री सेल्सियस

**12** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं

**13** और 14 अप्रैल को कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने के आसार बन रहे हैं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र के साथ ही चैत्र का महीना शुरू हो चुका है। इसके साथ ही सूरज की तपिश भी तेज होने लगी है। सुबह नौ बजे के बाद ही किरणें इतनी तेज हो जातीं हैं कि बाहर निकलना भी दुश्वार हो रहा है। बुधवार को भी सूरज की किरणें इतनी तेज हो गईं कि दो मिनट भी ठहरना मुश्किल हो रहा था। अधिकतम पारा 39 डिग्री के पार हो गया जो सीजन का सर्वाधिक है।

अप्रैल के 10 दिन बीत चुके हैं और अभी से दोपहर होते-होते गर्म हवा के थपेड़े बेहाल करने लगे हैं। बुधवार को भी 11 बजते बजते सूरज अपने चरम पर आ चुका था। ऐसे में वही लोग सड़कों पर नजर आ रहे थे जिनको आवश्यक कार्य था। जो लोग निकले भी वे सिर व हाथ-मुंह को कपड़ों से अच्छी तरह से ढंककर। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र ने बताया कि बुधवार



- सूरज की किरणें इतनी तेज कि दो मिनट ठहरना मुश्किल
- लोग सिर, हाथ और मुंह को ढक कर ही बाहर निकले

को अधिकतम तापमान 39.9 जबकि न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही 12-13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलतीं रहीं। बताया कि आगामी दिनों में भी इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। इसके साथ ही बादलों की आवाजाही भी रहेगी। 13 और 14 अप्रैल को कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने के आसार बन रहे हैं। जानकारों की मानें तो इसी तरह से तापमान में बढ़ोतरी जारी रही तो हीटवेब के आसार बन जाएंगे। ऐसे में सावधानी बरतने से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार को लोग प्रचंड गर्मी में बेचैन नजर आए। गर्मी के कारण दिहाड़ी मजदूरों को जहां पर्याप्त काम नहीं मिल रहा वहीं अन्य कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। अभी खेत-खलिहानों में गेहूं कटाई-मड़ाई का काम चल रहा है। खुले आसमान तले काम करने वाले किसानों को तेज धूप व लू के थपेड़ों में पसीना बहाना पड़ रहा है। इधर बाजार का मिजाज भी बदला हुआ है। शीतल पेय पदार्थों व जूस, लस्सी, छाछ के अलावा गमछा, टोपी, चश्मा व छाता की बिक्री तेज हो गई है।

### हीट वेब से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने हीट वेब से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। कहा कि लोग कड़ी धूप में अनावश्यक बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक के मध्य, हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें, पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छाछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त निकटतम चिकित्सालय से सम्पर्क करें। अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे, रात में खिडकियों को खुली रखे। घर के निचली तलों पर रहने का प्रयास करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें। लू लगे व्यक्ति को छायादार ठंडे स्थान पर पंखा/कूलर आदि के सामने लिटायें।

# विवाहिता को पीट घर से निकाला

कन्नौज। दहेज को लेकर विवाहिता से मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने पति समेत परिजनों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली के गांव बंसरामऊ निवासी ललिता देवी पुत्री रामबाबू ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी शादी सात मार्च 2023 को प्रदीप बाथम पुत्र बीरेंद्र सिंह निवासी सिठऊपुर थाना मऊदरवाजा जिला फर्रुखाबाद से हुई थी। शादी में पांच लाख रुपये नकद व दहेज का सामान दिया गया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन बुलेट बाइक व तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। यह बात उसने अपने माता पपिता को बताई तो उन्होंने ससुराल पहुंच कर पति व अन्य ससुरालीजनों को समझाने का प्रयास किया। कुछ दिन सब ठीक रहा। इसके बाद ससुर बीरेंद्र, सास मधू, देवर संदीप, राजीव उसका उत्पीड़न करने लगे। आये दिन उसके साथ मारपीट की जाने लगी। 14 अक्टूबर 2023 को पहने हुए कपड़ों में मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद आठ मार्च 2024 को ससुरालीजन उसके मायके आये जहां दहेज की मांग कर गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी।

## सार-संक्षेप


गेहूं बिक्री के लिए खरीद केंद्र पहुंचे किसान को माला पहनाते सचिव।

### पहला किसान गेहूं लेकर पहुंचा तो पहनाई गई माला

उमर्दा, कन्नौज। विकास खंड के खरीद केंद्र पर एक महीने 10 दिन के इंतजार के बाद एक किसान गेहूं बिक्री करने पहुंचा तो सचिव ने उसे माला पहनाकर स्वागत किया। किसान सेवा सहकारी समिति उमर्दा पर बुधवार को गेहूं की बोहनी हुई। किसान मुक्ताप्रसाद निवासी ग्राम जनेशपुर 22 क्विंटल गेहूं बेंचने के लिए लेकर पहुंचे। इससे पहले सचिव सुरेश कुमार ने कांटा, छटना ब जरुरी कागजातों का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद गेहूं की तौल कराकर खरीद की।

### वेद रूपी वृक्ष का पका हुआ फल है भागवत कथा

गुरसहायगंज। वेद व्यास जी भागवत के रूप में हैं। वेद रूपी वृक्ष का पका हुआ फल श्रीमद्भागवत कथा है। जो मनुष्य भागवत सुनता है वो परम धर्म का आश्रय ले लेता है। यह विचार बुधवार को सराय प्रयाग के ग्राम सूलनपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित घनश्याम पांडेय ने व्यक्त किए। कहा कि भागवत वह अमर कथा है जो भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाई थी। कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता। जब शिव से माता पार्वती ने अमर कथा सुनाने की प्रार्थना की। लेकिन बीच में पार्वती जी को नींद आ गई और वो कथा शुकदेव ने पूरी सुन ली। इस दौरान परीक्षित सत्यमनोहर, संत हरिदास महाराज, पंकज द्विवेदी, राकेश चौहान, सुखदेव मिश्रा, शिवम गुप्ता, इंद्रेश राजपूत रहे।


पंडित घनश्याम पांडेय।

# घर में घुसकर नकदी और जेवर चोरी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। मामलों का खुलासा न होने से चोरों का दुस्साहस बढ़ गया है। इसी क्रम में एक घर में घुसे चोर वहां से बक्सा उठा ले गए। इसमें रखी नकदी व जेवर निकालने बाद खाली बक्सा खेत में छोड़कर फरार हो गए।

ठठिया थाना क्षेत्र के सत्तार पट्टी गांव निवासी रेखा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति राजमिस्त्री का काम करते हैं। कुछ दिनों से रिश्तेदारी में ही काम कर रहे थे। पांच दिन पहले देवरानी को जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया था। उसने बच्चे को जन्म दिया था जिसकी देखभाल के लिए अस्पताल में ही थी। घर पर दो बच्चे ही थे। बुधवार की सुबह ज़ब बच्चे उठे तो कमरे में सामान बिखरा देखा। इस पर आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तो घर में रखा बक्सा गायब मिला।


घटनास्थल पर जानकारी लेतीं सीओ प्रियंका बाजपेयी। अमृत विचार

- ठठिया थाना क्षेत्र का मामला खाली बक्सा खेत पर छोड़ कर फरार हो गए चोर

बक्से में करीब चार लाख रुपये से अधिक के जेवर व दस हज़ार रुपये नकद रखे थे जो चोर ले गए। आसपास खोजबीन गांव के बाहर खेत में खाली बक्सा पड़ा मिला। सीओ डॉ प्रियंका बाजेपेयी ने मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष को मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द खुलासा करने के आदेश दिए।

# आयोजक समेत डीजे संचालक पर रिपोर्ट

फालोअप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- कलश यात्रा के दौरान 10 लोगों के झुलसने का मामला

अमृत विचार। कलश यात्रा दौरान एचटी लाइन में झंडा छूने से 10 लोगों के झुलसने के मामले में भागवत आयोजक व डीजे संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के बरकेगाव राजा में नवरात्र पर मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन धर्मेंद्र श्रीवास्तव करा रहे थे। इससे पहले शाम के समय कलश यात्रा का आयोजन किया गया जो गांव से ईशन नदी तक आ रही थी। जैसे ही कलश यात्रा गांव के बाहर पहुंची तो रास्ते से निकली एचटी लाइन में झंडा एचटी लाइन से छू गया जिससे करंट उतर आया। वह चीखने लगा तो लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। इससे सभी लोग करंट की चपेट मे आकर झुलस गए थे। दस लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बिना अनुमति के भागवत कथा के आयोजन को लेकर उपनिरीक्षक दिनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र श्रीवास्तव व जटियापुर निवासी डीजे संचालक राजीव कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया किबिना अनुमति भागवत कथा आयोजित थी। दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

गुरसहायगंज। ग्राम लाड़पुर निवासी छोटे लाल यादव के पुत्र अजीत यादव (26) ने मंगलवार की शाम किसी बात से आजिज आकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन उसे नगर के सीएचसी ले गए। यहां हालत सुधरने पर उसे घर ले आए। इसके बाद बुधवार की सुबह उसका शव तिर्वा रोड, ऊंचा तिराहा स्थित सड़क किनारे एक तख्त पर पड़ा मिला। खबर लगने पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे इंदिरा नगर चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मृत्यु होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि होगी। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर मृतक की बहन अनीत यादव ने बताया कि बुधवार की सुबह उसका भाई टहलने निकला था। संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव मिला। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। घटना स्थल पर मौजूद लोगों में प्रेम प्रसंग को लेकर भी चखचख रही।


अजीत।


रोते-बिलखते युवक के परिजन। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

कसेगा शिकंजा — रोडवेज बसों में यात्रियों की कमी पर एआरएम ने दिये निर्देश

# बस स्टैंड के पास डग्गामार वाहन खड़े किए तो चालान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। रोडवेज बस स्टाप के बाहर डग्गामार वाहन खड़े मिले तो उन पर कार्रवाई होगी। स्टैंड के बाहर रोडवेज बस खड़ी कर सवारी बैठाई तो यातायात पुलिस चालान काटेगी। यह निर्देश एआरएम ने यातायात पुलिस को दिये हैं।

कन्नौज से कानपुर, लखनऊ, हरदोई व अन्य शहरों को जाने वाली रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या लगातार घट रही है। इसी को देखते हुए बुधवार को एआरएम स्वदेश कुमार निगम ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को बुला कर रोडवेज बसों को स्टैंड के अंदर खड़ी कराने के निर्देश दिये। साथ ही यातायात सिपाही को बुला कर निर्देश दिये की डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई की जाये। स्टैंड के निकट वाहन खड़े कर सवारी बैठाने वाले वाहनों के चालान काटे जायें। जो रोडवेज बस बाहर खड़ी मिले उसका भी चालान काट दिया जाये। इसमें किसी तरह की लापरवाही न की जाये। उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड सरायमीरा के निकट खड़ी होने वाली हरदोई के लिये जाने वाली निजी बसों को यहां से दूर खड़े होने की हिदायत दी।

कहा कि यदि वह नहीं मानते हैं तो चालान काट दिया जायेगा। इसी तरह लखनऊ व कानपुर के लिये सवारी लेकर जाने वाली ओमनी कारों पर भी कार्रवाई की जाये। इस संबंध में वह एसपी अमित कुमार आनन्द से बात कर डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई किए जाने की बात रखेंगे।


सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड में यातायात पुलिस को निर्देश देते एआरएम स्वदेश कुमार निगम। अमृत विचार

सभी जनपद वासियों को ईद उल फितर
की हार्दिक शुभकामनायें
S.MOHD. AYUB MOHD. YAQUB
PERFUMERS
MOHALLA : - PANSARIYAN
KANNAUJ - 209725 (U.P.) INDIA
Our Famous Products
• SUPER MALIK SHAMAMA • MALIK SHAMAMA • MOHSIN SHAMAMA
• FAUZAN SHAMAMA • RUH GULAB • RUH MOTIA • RUH KEORA • RUH KUSH
• MUSK HINA • MUSK AMBER • SHAMAMATUL AMBER, ETC.
PH: 0091-05694-234204 & 234358 & 235000, FAX: 0091-5694-234417 & 234267
MOBILE: 9415147019, E-MAIL: fauzan.malik@yahoo.co.in

# रेप से किशोरी गर्भवती, प्रसव के बाद बच्चे की मौत, आरोपी दबोचा

## सात माह पहले किशोर ने किया था दुष्कर्म, पेट में दर्द होने पर जांच में हो सकी पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पड़ोसी गांव का आरोपी किशोर बारात में आया था खाना बनाने
- पीड़िता के भाई से दोस्ती कर घर में लेटा, घटना को दिया अंजाम

**अमृत विचार।** एक किशोर ने भाई से दोस्ती गांठी और घर में ही लेट गया। इसके बाद उसकी नाबालिग बहन से दुष्कर्म किया। परिजन मंगलवार को पेट में दर्द होने पर जिला अस्पताल लाये। यहां महिला डॉक्टर ने जांच के बाद सात माह की गर्भवती होने की पुष्टि की। दर्द अधिक होने पर उसका प्रसव कराया गया। उसने पुत्र को जन्म दिया जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई। पिता ने आरोपी किशोर के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सात माह पहले एक युवती की शादी में खाना बनाने निकट गांव का किशोर आया था। देर रात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उसने किशोरी के भाई से दोस्ती कर ली। इसके बाद वह रात में उसके ही घर सोने पहुंचा। भाई ने उसे अपने साथ लिटाया। देर रात आरोपी किशोरी के पास पहुंच गया और दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी किशोरी ने अपने परिजनों को नहीं दी। दो दिन पहले जब किशोरी के पेट में दर्द हुआ तो उसने अपने पिता को बताया। मंगलवार को पिता उसे लेकर निकट के एक डॉक्टर के पास पहुंचा। उसने जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर को दिखाने के लिये भेज दिया। पिता जिला अस्पताल पहुंचा जहां महिला डॉक्टर ने जांच के बाद किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टि की। उन्होंने सीएमएस समेत पुलिस को जानकारी देने के बाद किशोरी का रात में किसी तरह प्रसव कराया। किशोरी ने पुत्र को जन्म दिया जिसकी कुछ देर बाद उ मौत हो गई। इसके बाद पिता ने पूछताछ की तो उसने आरोपी का नाम बताते हुए घटना की जानकारी दी। पिता ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### विवाद के बाद फंदा लगाकर महिला ने दी जान

**तालग्राम, कन्नौज।** पति से विवाद के बाद पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी खबर पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। बुधवार की सुबह ग्राम हाजिरपुर निवासी होरीलाल वर्मा व पत्नी सत्यवती (35) में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसके बाद पति घर से चला गया। इसके बाद सत्यवती ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे ससुरालियों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने घटना की सूचना थाना प्रभारी पारुल चैधरी को दी। जानकारी होने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। हंगामा करते हुए ससुरालियों पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद ससुराली मौके से फरार हो गए। पुलिस के समझाने पर परिजनों ने शव को लगभग 02 घंटे बाद फंदे से उतारने दिया। उप निरीक्षक किशनवीर सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका अपने पीछे पुत्री रूपम (12) व पुत्र प्रेम (09) को छोड़ गई। थानाध्यक्ष पारुल चैधरी ने बताया कि तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।


सत्यवती।

# वृद्धा की हत्या में बहू व उसका प्रेमी गिरफ्तार

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** वृद्धा की हत्या के मामले में उसकी बहू व प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने पुलिस के समक्ष अपराध स्वीकारा। पुलिस ने दोनों न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव लोह टिकुरिया निवासी हरगोविंद की मां सीता देवी की सोमवार की रात हत्या कर दी गई थी। मामले में पुत्र ने पत्नी रवीना देवी एवं उसके प्रेमी सफी मोहम्मद पर गला दबाकर मां की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर रवीना को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ में महिला ने प्रेमी के साथ मिल कर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की थी। बुधवार सुबह छह बजे पुलिस टीम ने दौलताबाद चौकी क्षेत्र के आरिफपुर पुलिया के पास से मुख्य आरोपी सफी मोहम्मद को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।


गिरफ्तार बहू व उसका प्रेमी।

### बाइक को बचाने में कार पलटी, सात लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला हरदोई के ग्राम बाने कुइयां प्रताप नगर चौराहा निवासी सुभाष पुत्र क्षत्रपाल, अनमोल पुत्र रामप्रकाश, संदीप कुमार पुत्र रामसागर, संजू देवी पत्नी संदीप कुमार, राज संदीप कुमार, शुभी पुत्री संदीप व पूर्वा पुत्री अनमोल कार से बालाजी दर्शन के लिए गए थे। वहां से वापस आते समय बुधवार की सुबह नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित नार्वल रोड एनएच 34 जीटी रोड पर अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने में कार का संतुलन बिगड़ गया और मिट्टी के ढेर पर चढ़कर पलट गई।

## सार-संक्षेप

### जानलेवा हमले में तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला यूसुफपुर भगवान मकरंदनगर में रास्ते पर कब्जा करने से मना करने पर तीन सगे भाइयों ने अवैध असलहे व धारदार हथियार से वार कर कई लोगों को घायल कर दिया। मामले में तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यूसूफपुर भगवान मकरंदनगर निवासी विवेक मिश्रा पुत्र महेशचंद्र मिश्रा ने मोहल्ले के निवासी राम शंकर राठौर, उमाशंकर, अरुण कुमार पुत्रगण रामगोपाल राठौर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उक्त लोग आम रास्ते पर अवैध कब्जा किये हैं। इसका विरोध करने पर मंगलवार की देर शाम राम शंकर व उनके दो अन्य भाइयों ने हाथ में लिये कुल्हाड़ी, तमंचे व अन्य शस्त्र से हमला बोल दिया। परिजन भाग कर घर में घुस गये तो तीनों भाइयों ने घर में घुस कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। हमले से वह व उसके भाई नित्य मिश्रा, पड़ोसी मनोज अवस्थी घायल हो गए। मोहल्ले के कई लोग आ गये तो उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पुलिस को दी डाकघर में लूट की फर्जी सूचना

**तालग्राम, कन्नौज।** किसान विकास पत्र के भुगतान को लेकर डाकघर पहुंचे ग्रामीण का पोस्टमास्टर ने भुगतान नहीं किया। दोनों में कहासुनी हुई। इसी बीच पुलिस को फोन कर लूट की सूचना दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला झूठा पाया। बुधवार की सुबह 10 बजे कस्बा के मोहल्ला गढ़ी पोखर निवासी विजय कुमार बाल्मीकि अपना किसान विकास पत्र लेकर डाकघर पहुंचे। दो घंटे दौड़ लगाने के बाद किसान विकास पत्र का भुगतान नहीं मिला। इससे पोस्टमास्टर रामपाल और विजय कुमार के बीच विवाद हो गया। इसके बाद पोस्टमास्टर ने यूपी 112 पर फोन कर डाकघर में लूट की सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची यूपी 112 व थाना पुलिस ने मामले की जांच की। इस दौरान मामला विवाद का निकला। पुलिस दोनों को पूछताछ के लिए थाना ले आई। पोस्टमास्टर का कहना था कि विभाग का कैश रखा था। जिसे खाताधारक ने उठाने की कोशिश की। खाताधारक विजय कुमार ने बताया कि किसान विकास पत्र का दो महीने से भुगतान नहीं हुआ है इसी लिये वह पोस्टमास्टर से बात कर रहे थे। इन्होंने पुलिस को फोन कर लूट की फर्जी सूचना दे दी। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।


स्कूल में ईद मनाते बच्चे। अमृत विचार

### ईद पार्टी में एक-दूसरे के गले मिले बच्चे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में ईद पार्टी धूमधाम से मनाई गई। बच्चों ने कुर्ता पायजामा एवं रंग बिरंगे परिधानों में सजकर इसका लुत्फ उठाया। स्क्रीन पर प्रोजेक्टर के माध्यम से ईद पार्टी गीत व कहानी से बच्चों को जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने बच्चों को बताया कि त्योहार हमारे नीरज जीवन में खुशियां घोल देते हैं। इस दौरान फरहा, आरती, स्वाति, प्रिया, प्रियांशी, नेहा, गुंजन, वंशिका, सोनी, अभिषेक, अमित आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों के साथ बैठक करते तहसीलदार। अमृत विचार

### चारागाह की भूमि पर खड़ी फसल कटवाएगा प्रशासन

**तिर्वा, कन्नौज।** चारागाह की जमीन पर कब्जा कर फसल तैयार करने की जानकारी पर पहुंचे तहसीलदार ने कब्जेदारों से बात कर फसल न काटने के निर्देश दिए। कहा कि फसल तहसील प्रशासन कटवाएगा। तिजलापुर व खामा गांव में सरकारी चारागाह की भूमि पर कुछ लोगों ने गेहूं की फसल तैयार कर ली। ऐसा लेखपाल द्वारा मना किए जाने के बाद भी किया। इसकी जानकारी पर बुधवार को पहुंचे तहसीलदार अवनीश कुमार ने कब्जेदारों से बात कर फसल छोड़ने को कहा। तहसीलदार ने बताया कि इस फसल को प्रशासन कटवाकर नीलाम कराते हुए जमीन खाली कराएगा।


बंदी की रिहाई कराते संस्था के पदाधिकारी डॉ. सरित दुबे। अमृत विचार

# अर्थदंड जमा कर दिलाई दोषसिद्ध बंदी को रिहाई

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** अपर जिला जज लवली जायसवाल की प्रेरणा से बीएम सेवा समिति (अमन हास्पिटल) के संचालक डॉ. ग्यास सिद्दीकी निवासी इन्द्रा नगर गुरसहायगंज ने जिला कारागार में निरुद्ध दोषसिद्ध बंदी अखिलेश उर्फ छक्की निवासी ग्राम झऊआ, थाना ठठिया पर लगे जुर्माने की राशि 8,500 रुपये न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कन्नौज में जमा की। इसके बाद बुधवार को बंदी को रिहा कर दिया गया। डॉ. सिद्दीकी व डॉ. सरित दुबे ने कारागार में एक से दूसरे गोदाम तक सामान ले जाने व बंदियों का कच्चा राशन, अन्य भंडार से पाकशाला तक ले जाने के लिए एक रिक्शा भी दान किया। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेलवार्डर कुलदीप कुमार पांडेय आदि रहे।

## प्रेमी व प्रेमिका को पांच साल की कैद

**कन्नौज।** प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला और उसके प्रेमी को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी द्वितीय) ने पांच-पांच साल कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि ठठिया थानाध्यक्ष प्रयाग नारायण बाजपेई ने कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहबाजपुर निवासी तेजपाल पुत्र ओमप्रकाश तथा ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी अजमेरन पत्नी लतीफ के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी और एफआईआर दर्ज कराई थी। अजमेरन ने तेजपाल के साथ मिलकर अपने पति लतीफ की हत्या कर दी थी। दोनों जिला कारागार में निरुद्ध हैं। अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी द्वितीय) हरेंद्र नाथ ने दोनों को पांच-पांच साल कैद और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# किशोरी से छेड़छाड़ में तीन साल की कैद, पांच हजार रुपये जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तंग आकर किशोरी ने तेजाब पीकर कर ली थी आत्महत्या नहीं मिले थे साक्ष्य
- आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोप में सात साल जेल में बंद रहा आरोपी, रिहा करने के आदेश

**अमृत विचार।** किशोरी से छेड़छाड़ में एक युवक को तीन साल की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। किशोरी ने तेजाब पीकर आत्महत्या कर ली थी, लेकिन कोर्ट को कोई साक्ष्य नहीं मिले। इस पर आरोपी को केवल छेड़छाड़ के मामले में दोष सिद्ध करते हुए यह सजा सुनाई है और उसे आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोप से दोष मुक्त करते हुए रिहा करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी मामले में सात साल तक जेल में बंद रहा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 7 नवंबर 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी 17 साल की बेटी के साथ गांव का ही विकास सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह आए दिन छेड़खानी करता है। 2 नवंबर 2014 की शाम को जब वह मवेशियों को चारा डाल रही थी, तभी विकास वहां पहुंच गया और छेड़खानी करने लगा। इससे परेशान होकर उनकी बेटी घर पहुंची और सौर ऊर्जा की बैटरी से तेजाब निकाल कर पी लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।

फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पिता ने विकास सिंह और दिलीप सिंह के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी तथा आपराधिक षड्यंत्र का मुकदमा पंजीकृत करा दिया। पुलिस ने इस मामले की विवेचना की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विकास सिंह को सात साल बाद 2021 में जमानत मिली। पुलिस ने जो चार्ज शीट लगाई थी, उसमें आत्महत्या दुष्प्रेरण के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं थे। अभियोजन पक्ष की तरफ से नौ गवाह भी पेश किए गए, जिसमें केवल छेड़छाड़ का ही आरोप सिद्ध हो सका।

इस पर विशेष न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम) इंद्रजीत सिंह ने दिलीप सिंह को सभी आरोपों से दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया, जबकि अभियुक्त विकास सिंह को छेड़छाड़ के मामले में तीन साल कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

हालांकि विकास सिंह जमानत पर बाहर चल रहा था, इसलिए कोर्ट ने उसे केवल जुर्माना की धनराशि जमा करने के लिए आदेशित किया है। यदि वह अर्थ दंड की धनराशि जमा नहीं करता है, तो उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास और भुगतना होगा।

## एरियर देने के लिए 71 शिक्षकों की सूची जारी

**कन्नौज।** बेसिक शिक्षा विभाग में 69 हजार व अन्य अध्यापक भर्ती के तहत नियुक्ति पाने वालों के लिए अच्छी खबर है। बकाया वेतन (एरियर) के लिए बीएसए ने 71 शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। कहा गया है कि जो भी कमियां हैं, उसे दूर करा लें।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि अवशेष वेतन भुगतान के लिए बचे शिक्षकों की पत्रावलियां देखी गईं हैं। व्यक्ति की पहचान की जांच के बाद निर्णय लिया गया है कि आधार अपडेट हिस्ट्री व पैन सत्यापन रिपोर्ट की जरूरत को देखते हुए सूची में अंकित शिक्षकों के आधार व पैन सत्यापन लंबित हैं।

# झुलसे युवक की हालत बिगड़ी, लखनऊ रेफर

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के गांव गिगटहा में दो दिन पहले दंपति के संदिग्ध हालात में झुलस गए थे। जिला अस्पताल में भर्ती युवक की हालत बुधवार को बिगड़ गई। गले में सूजन आने से सांस लेने में दिक्कत हो गई। उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गिगटहा में दो दिन पहले मकान के अंदर संदिग्ध तरीके से दंपती जल कर घायल हो गये थे।दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली पुलिस को पति रोहित कटियार ने तहरीर देकर पत्नी सोनी पर आरोप लगाया था कि वह घर पहुंचा उसी समय उसने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। मकान के अंदर खीचने के प्रयास में पत्नी भी मामूली झुलस गई। सोनी ने पति रोहित पर पेट्रोल छिड़क कर जलाने का आरोप लगाया था। सोनी की हालत ठीक होने पर छुट्टी होने को है वहीं रोहित को सांस लेने में दिक्कत हो गई। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। मामले में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। पुलिस ने किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है।

# वोट प्रतिशत बढ़ाने को लगाना पड़ेगा जोर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मतदान वाले महीने में 46 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है पारा

**अमृत विचार।** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 13 मई को चौथे चरण में होगा। अबकी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए खास जोर लगाना पड़ेगा। मई में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। ऐसे में तेज धूप व लपट का प्रकोप रहेगा।

वर्ष 2014 के लोकसभा क्षेत्र का चुनाव इस संसदीय सीट के लिए 21 अप्रैल को तीसरे चरण में हुआ था। वर्ष 2019 में चौथे चरण में कन्नौज में मतदान 29 अप्रैल को हुआ। अप्रैल से ही गर्मी बढ़ने लगती है। पिछले चुनाव के सापेक्ष 15 दिन देरी से अबकी 13 मई में मतदान होगा। ऐसे में गर्मी लोगों को झुलसाएगी। हालांकि मतदाताओं को जागरूक करने, वोटर बनाने व 13 मई को मतदान जरूर करने के लिए निर्वाचन विभाग कई विभागों के सहयोग से जागरुकता अभियान चला रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं की ओर से जागरुकता रैलियां, पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता और गांव में चौपाल भी लगाई जाने लगीं हैं। अधिकारियों को जिम्मेदारियां भी बांट दी गईं हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की मतगणना 23 मई को हो गई थी। 2024 में वोटों की गिनती चार जून को होगी।

### इस तरह होता रहा कन्नौज लोस क्षेत्र का मतदान

- 49 .32 फीसदी मतदान 2009 के चुनाव में
- 61.62 प्रतिशत वोट 2014 के चुनाव में पड़े
- 60.86 फीसदी मतदाताओं ने 2019 के चुनाव में वोट डाले

### क्या बोले जानकार

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव की माने तो मई में तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। मौसम में उतार-चढ़ाव रहने से तापमान घटता-बढ़ता रहेगा। मई का अधिकतम तापमान 44 डिग्री से. तक रह सकता है। विभाग के मुताबिक 13 मई को पारा 42 के आसपास रहने की उम्मीद है।

# संदीप कुमार बने चुनाव प्रेक्षक, 24 को आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लाइजनिंग और नोडल अधिकारी नियुक्ति हुए
- तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षक पद पर संदीप कुमार(आईएएस) को नियुक्त किया है। वह 24 अप्रैल को आ जाएंगे। उनके मोबाइल नंबर- 9978405578, ई-मेल- commi-prh@gujarat.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियों को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। सामान्य प्रेक्षक को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी मोहम्मद नाजिम, उपायुक्त राज्यकर विभाग और लाइजनिंग ऑफिसर वरुण कुमार लाल, जिला आबकारी को नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक के ठहरने के लिए सर्किट हाउस आरक्षित रहेगा। सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। टीवी, कम्प्यूटर ऑपरेटर और स्टेशनरी बैग की व्यवस्था होगी। निर्देश दिए कि इंटरनेट कनेक्टीविटी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने प्रेक्षक के लिए मतदाता सूची, मतदान स्थलों, क्रिटिकल/वल्नरेबिल मतदान स्थलों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मानचित्र देने को कहा। वेबकास्टिंग वाले चयनित मतदेय स्थलों और नियुक्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी सूची उपलब्ध कराने को कहा। वीडियोग्राफर की तैनाती भी रहेगी। परिवहन विभाग वाहन की व्यवस्था कराएगा। एएसपी संसार सिंह पुलिस प्रेक्षक के आगमन से पहले पूरी व्यवस्थाएं करेंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट में होंगे प्रत्याशियों के नामांकन

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि कलेक्ट्रेट में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर नामांकन होंगे। संबंधित सभी अधिकारी व प्रत्याशी इससे जुड़ी बारीकियों को समझ लें। कहा कि फॉर्म-3 की सूचना प्रतिदिन आयोग को भेजी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18 अप्रैल को स्थानीय स्तर पर अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। 29 को उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

चुनावी कसरत

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चौपाल में दिलाई जा रही शपथ, साथ में गाना-बजाना का तराना

# ढोलक-मंजीरा के साथ वोटरों को मतदान का संदेश दे रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कभी बच्चे के जन्मदिन, महिलाओं के कार्यक्रम व अन्य आयोजनों में ढोलक व मजीरा का क्रेज सिर-चढ़कर बोलता था, जो अब गांव-गांव में फिर से दिखने लगा है। इस बार कारण, 13 मई को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का मतदान है। वोटरों को जागरूक करने के लिए अधिकारी व कर्मचारी पहुंच रहे हैं। गीत-संगीत के जरिए ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल सरदामई में स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ। इसमें एक पांच सदस्यीय मंडली ने गीत-संगीत से लोगों को जागरूक किया। टीम में कोई ढोलक बजा रहा था तो कोई खंजडी की धुन निकाल रहा था।

गाने वाले माइक पकड़े थे। हारमोनियम व मजीरा की धुनें भी आयोजन में ग्रामीणों को खूब सुनाई दे रहीं थीं। गायकों ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो..., देश तरक्की तभी करेगा हर वोटर जब वोट करेगा और लोकतंत्र के महापर्व को मिलकर हमें बढ़ाना है वोट डालकर जाना है... गीत सुनाए। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने वोट करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर पीडी रामऔतार सिंह, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, बीडीओ दीपांकर आर्य, एडीओ पंचायत यशकरन भी प्रधानाध्यापक शिवमोहन कुशवाहा, शामिल हुए।


सरदामई में ढोलक व हारमोनियम आदि वाद्य यंत्रों के साथ मंडली। अमृत विचार

### 168 नए स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

सीडीओ ने बताया कि पहले चरण में 57 ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम की सूची जारी हुई थी, इससे पहले छह स्थानों पर कार्यक्रम हो चुके थे। दूसरे चरण के लिए 102 स्थानों की एक और लिस्ट जारी हुई है। वहां भी आयोजन हो रहे हैं। कुल 168 मतदान केंद्रों वाले इलाकों में आयोजन होंगे। इसमें वह क्षेत्र शामिल हैं जहां बीते चुनाव में वोट प्रतिशत कम रहा है।



जागरुकता रैली के दौरान मौजूद छात्र व शिक्षक।

### नुक्कड़ नाटक कर किया मतदाताओं को जागरूक

**जलालाबाद, कन्नौज।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुगरापुर में प्रधानाध्यापिका पूनम पाल के नेतृत्व में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने जागरूकता नारे लगाकर व नाटक कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। नोडल शिक्षिका रश्मि राठौर ने कन्नौज हमारी शान, 13 मई को करें मतदान का संदेश दिया। इस दौरान पारुल वर्मा, चंद्र रेखा, दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### अभिभावकों की बैठक कर बताएं मतदान का महत्व

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक की। निर्देश दिए कि स्कूलों में अभिभावकों की बैठक में ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया जाए। साथ ही 13 मई को होने वोल लोक सभा क्षेत्र के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, पीडी रामऔतार सिंह, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, डीआईओएस पूरन सिंह, बीएसए उपासना रानी वर्मा उपस्थित रहीं।


भाकियू नेता से बात करते सीएमओ अवनींद्र कुमार। अमृत विचार


लोहिया अस्पताल में परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार


किसान को एंबुलेंस में बैठाता जवान। अमृत विचार

# किसान नेता ने तहसीलदार के सामने खाया जहर

## ❍ लोहिया अस्पताल में हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर ❍ लोहिया अस्पताल छावनी में हुआ तब्दील

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र में दरवाजे के सामने कूड़ादान बनवाए जाने से क्षुब्ध किसान नेता ने तहसीलदार की मौजूदगी में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया है। जहां भारी संख्या में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता पहुंच गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ग्राम प्रधान व तहसीलदार के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करेंगे।

थाना क्षेत्र के गांव कमालुद्दीनपुर निवासी नीता पांडे ने बताया कि ग्राम प्रधान ऋतु पाठक के पति सुधांशु पाठक उसकी जगह में कूड़ादान बनवाना चाहते हैं। इसका विरोध किया तो ग्राम प्रधान ने तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर सिंह यादव और कानून गो को बुलाकर पैमाइश करनी शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। नीता पांडे का आरोप है कि उसके पति राम नारायण पांडे ने जब विरोध किया तो ग्राम प्रधान पति सुधांशु पांडे ने कहा कि वह जहर खा ले, इस पर उसके पति राम नारायण पांडे ने तहसीलदार की मौजूदगी में जहर खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया है। जहां भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बड़ी संख्या में नेता मौके पर पहुंच गए हैं। उनका कहना है कि रामनारायण पांडे टिकैत गुट का पदाधिकारी है। उसके साथ ग्राम प्रधान और तहसीलदार ने ज्यादती की है। इनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। अन्यथा वह आंदोलन करने को विवश होंगे।

● दरवाजे के सामने कूड़ेदान बनवाए जाने से थे खफा

### सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर करने का विरोध करते रहे परिजन

■ **फर्रुखाबाद।** डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जहर खाये किसान रामनारायण की हालत बिगड़ने पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवनींद्र कुमार और भाकियू नेता प्रभाकांत मिश्रा के बीच किसान को रेफर करने को लेकर तीखी झड़पें हुईं। मौके की नजाकत को भांपते हुए लोहिया अस्पताल में अमृतपुर सीओ रविंद्र नाथ राय, सीओ सिटी प्रदीप सिंह और कादरी गेट थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे को दल बल के साथ बुला लिया गया। देखते-देखते डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल छावनी में तब्दील हो गया। सीएमओ ने जबरिया किसान को दूसरी जगह ले जाने का दबाव बनाया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अमरनाथ ने जहर खाये किसान को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए लिए रेफर कर दिया। उसकी पत्नी नीता पांडे इसका विरोध करती रही। लेकिन अधिकारियों ने उसकी एक नहीं सुनी और उसे जबरिया एंबुलेंस पर लाद दिया गया। दूसरी तरफ किसान की हालत को देखते हुए वहां मौजूद अजय कटियार और सीएमओ से तीखी झड़प हुई। सीएमओ ने किसी की नहीं सुनी और किसान को सैफई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## शराब पिलाने के बाद फंदा लगाकर युवक की हत्या का आरोप

**फर्रुखाबाद।** शराब पिलाकर पुत्र को फंदे पर लटका कर हत्या करने का आरोप लगाकर मां ने सीजेएम कोर्ट में चार के खिलाफ अर्जी दायर की है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के वीसलपुर तराई के मजरा नगला भूड़ निवासी हंसी देवी ने थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव रोशनाबाद के मजरा गोविंदपुर निवासी वीरपाल, जनपद शाहजहांपुर के निवासी कमलेश व दो अज्ञात के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में बुधवार को अर्जी दायर की है। आरोप है कि विवाद के बाद पुत्रवधू बहनोई गोविंद के साथ उसके घर चली गई। 3 सितंबर 2023 को वह मसेनी के नर्सिंग होम में भर्ती थी। पति लालाराम देखरेख में लगे थे। गांव वापस आने पर पता चला कि पुत्र यादराम को वीरपाल, कमलेश व दो अज्ञात लोग अपने साथ बुलाकर ले गए। वहां पुत्र को शराब पिलाकर फंदे पर लटका कर उसकी हत्या कर दी। बहू से पूछने पर पहले वह बहाने बनाने लगी। बाद में पुत्र की तरह उसकी हत्या करने की धमकी दी।

## सार-संक्षेप


मस्जिद परिसर का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

### ईद को लेकर अधिकारियों ने मस्जिदों की व्यवस्था देखी

**फर्रुखाबाद।** ईद को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने मस्जिदों का निरीक्षण किया। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल और सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने पुलिस बल के साथ कल होने वाली नमाज को लेकर मस्जिदों का निरीक्षण कर जायजा लिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी से अपील करते हुए कहा कि ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए ।फर्रुखाबाद की गंगा जमुना तहजीब को बरकरार रखें । कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की अराजकता न फैलाएं । किसी भी व्यक्ति ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर लगाकर जारी किए खाद्य लाइसेंस

**फर्रुखाबाद।** खाद्य लाइसेंस एंव पंजीकरण शिविर लगा कर किया गया। पंजीकरण कराकर प्रतिष्ठान चलाने के अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को एफएसडीए के अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र रावत, अरूण कुमार मिश्र एवं आशीष कुमार वर्मा ने कैंप लगाया। जहां अधिक संख्या में खाद्य कारोबारियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रमुख रुप से नरेश बचानी एंव ललित शिवानी ने व्यवस्था देखी। कैंप के दौरान अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त किये। जिसमें तीन आवेदन लाइसेंस के आये । दो आवेदन नवीनीकृत लाइसेंस के आये। जिन्हें मौके पर ही निर्गत करा दिया गया। जबकि नये 254 पंजीकृत हुए। जिनमें 23 को निर्गत करा दिया गया। 5 नवीनीकृत पंजीकृत आये जिसमें पाचों को मौके पर ही निर्गत करा दिया गया।

### प्रेमी के साथ नहीं आई प्रेमिका, खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के एक युवक ने प्रेयसी के न आने पर जहर का लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। गम्भीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव कोलासोता निवासी कृपाल के पुत्र अतुल सिंह (20) का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। उसने अपनी प्रेमिका को बुलाया। वह उसके साथ नहीं आई तो गुस्से में प्रेमी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। वहां पर डॉक्टर अमरनाथ ने गंभीर हालत को देखते हुए युवक को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। बताया गया कि अतुल किसी लड़की से एक तरफा प्रेम करता है।

### मतदाताओं को निर्भय बनाने के लिए गांव-गांव गश्त

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अब गांव के गलियारों में उतर कर लोगो को सुरक्षा का भरोसा दिला रही है। पुलिस लोगो से मिल कर निर्भय होकर मतदान करने के लिए आमआदमी कोप्रेरित कर रही है। एसपी विकास कुमार का कहना है कि मतदाताओं पर दबाव बनाने वालों को जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया है। पुलिस शहर क्षेत्र से लेकर गांव के गलियारों में गश्त कर अपराधियो में भय और सम्भ्रांत लोगो को निर्भय बनाने के लिए बचन बद्ध है। इसी के तहत आज पुलिस एवम पीएसी बल ने अमृतपुर,कम्पिल,जहानगंज,नवाबगंज पुलिस बल व अर्धसैनिक बल व पीएसी के साथ रूट मार्च,फुटपेट्रोलिंग कर आमजन मे सुरक्षा का एहसास कराया ।एसपी का कहना है 13 मई को होने जा रहे चुनाव को शांति पूर्ण एवम निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से जुट गई है।

### छात्र व दोस्त के साथ मारपीट

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जेएनवी रोड स्थित रोजी पब्लिक स्कूल के 10वीं के छात्र आरव सिंह और उसके दोस्त शनि यादव को दंबगो ने बेल्टों से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आये टीचर रजत चौहान के साथ दंबगो ने मारपीट कर दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आरव सिंह को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर छात्र आरव सिंह का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। फतेहगढ़ कोतवाल ने बताया कि छात्रों के 2 गुटों में मारपीट हुई है । छात्र आरव सिंह के चोट आई है । जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है । आगे की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# डी-फार्मा की छात्रा से निजी अस्पताल में दुष्कर्म, दो माह बाद दर्ज हुआ मामला

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** निजी अस्पताल में नौकरी देने के बाद शादी का झांसा देकर डी-फार्मा की छात्रा से कई महीने तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां से छह लाख रुपये भी वसूले गए। शादी से इन्कार करने पर पिता दोस्तों संग बात करने पहुंचे, तो हमला किया गया। शिकायत के दो माह बाद पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया। जिला मैनपुरी सदर कोतवाली क्षेत्र की युवती थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में स्थित बघार के एक मेडिकल कॉलेज में डी-फार्मा की छात्रा है। चार साल पहले एक मुलाकात के बाद से थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी भानुप्रताप ने फोन पर बातचीत शुरू कर दी। चार माह पहले भानु ने मोहल्ला जसमई स्थित एक निजी अस्पताल में आठ हजार महीने पर नौकरी और रहने के लिए कमरा देने की बात कही। वह वहां नौकरी करने लगी। आरोप है कि एक दिन भानु ने शराब के नशे में जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसकी जानकारी देने पर मां ने भानु प्रताप से बात की। वह शादी करने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद वह दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की मां से आरोपी ने कई बार में छह लाख रुपये भी ले लिए। जब शादी के लिए कहा तो उसने जान से मारने की नियत से 28 जनवरी को गला दबा दिया। पिता दो सहयोगियों के साथ भानु प्रताप से बात करने आए। तो उसने चाकू मारकर एक दोस्त को घायल कर दिया। पुलिस ने दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने 28 मार्च को राज्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा। इसमें पूरा घटनाक्रम बताने के बाद लिखा कि थाने में शिकायत के करीब दो माह बाद भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब यदि एक सप्ताह में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया तो वह लखनऊ में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर देगी। इसी धमकी के बाद हरकत में आई पुलिस ने आनन-फानन में रिपोर्ट दर्ज कर ली। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अमित गंगवार ने बताया कि पीड़िता के साथ जो भी घटना हुई उन्हें पहले की कोई जानकारी नहीं है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

● शादी का झांसा देकर पीड़िता की मां से लिए छह लाख रुपये



## जेल में बंदी रख रहे नवरात्र का व्रत

**फर्रुखाबाद।** जिला कारागार फतेहगढ़ में नवरात्र के उपलक्ष्य में जगत जननी मां भगवती की मूर्ति रखी गई है। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। प्रथम दिन कारागार में 210 बंदियों ने व्रत रखा। व्रत रखने वाले बंदियों को कार्य से विरत रखा गया है। व्रत रखने वाले बंदियों को शासन और कारागार मुख्यालय के आदेशानुसार 500 ग्राम उबले आलू, 500 ग्राम दूध, 50 ग्राम चीनी और दो केला इत्यादि दिया जा रहा है। भजन कीर्तन पूजा की विशेष व्यवस्था कारागार प्रशासन द्वारा की गई है। जेलर अखिलेश कुमार व्रत रखने वाले बंदियों का विशेष ध्यान रख रहे हैं। चक्रधिकारी मुकेश गौड़, उपकारापाल अवनीश सिंह, वैभव कुशवाह, सरोज देवी , कृष्ण कुमारी विशेष सहयोग कर रहे है। महिला बैरक नारी बंदी वास में भी महिला बंदियों के लिए पूजा की व्यवस्था की गई है।

# तहसील रोड पर जाम फंसी रही एंबुलेंस

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज तहसील रोड से जामा मस्जिद तक फिर भीषण जाम लग गया। इसमें मरीज लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस गई। आड़े-तिरछे वाहन व जल्दी निकलने की होड़ में हर रोज जाम का सामना करना पड़ता है। वहीं मुख्य चौराहे पर लोगों ने पुलिस के जवान तैनात करने की मांग की है।

तहसील रोड पर जाम के झाम से निजात नहीं मिल पा रही है। इस रोड पर तहसील, कालेज, सरकारी अस्पताल व न्यायालय परिसर है। ऐसे में भीड़ होना स्वभाविक है लेकिन जैसे ही इस रोड पर चोपहिया वाहन गुजरते है। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सोमवार को कई चैपहिया वाहन निकले तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जल्दी निकलने की होड़ में लोग सड़क के नियम भूल गए और दोपहिया वाहन स्वामियो व ईरिक्शा चालकों ने और जाम लगा दिया। इससे भीषण जाम लग गया। हाल यह हुआ जो जहां था वही रूक गया। कुछ देर में ही सीएचसी से मरीज लेकर लोहिया अस्पताल जा रही एंबुलेंस फंस गई। काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। इसके बाद कुछ संभ्रांत लोगो ने लोगो से गुजारिश कर वाहनों को एक तरफ कराया। तब जाकर जाम खुल सका। लोगो का कहना है तहसील रोड पर हर पांच मिनट में जाम की समस्या से दोचार होना पड़ता है। लोग रोड के किनारे आड़े तिरछे वाहन लगा देते है इससे जाम की स्थिति और बिकराल हो जाती है। लोगो ने मांग की कि इस रोड पर दोपहर में पुलिस तैनात की जाए। ताकि लोग सड़क के नियम न भूले और कही जाम न लगे।

# 9 झोपड़ियों में लगी आग, सामान जला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपिल थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से नौ झोपड़ियां जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने मिट्टी, पंपसेट व दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस व तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। आग की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गयी। जबकि पांच गंभीर रूप से झुलस गए। क्षेत्र के गांव गूजरपुर निवासी जयसिंह की झोपड़ी में बुधवार शाम अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जयसिंह परिवार के साथ खेत पर गए थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश करते तब तक आग ने पड़ोस के महावीर ,अहिलकार, प्रकाश , रामदास, राजाराम, रजनेश , बालिस्टर, बालकराम की झोपड़ियों को भी अपनी आगोश में ले लिया। आग से रामदास का एक मवेशी जलकर मर गया। साथ ही अहिलकार व रजनेश के पांच मवेशी भी गंभीर रूप से झुलस गए। अन्य सभी का गृहस्थी का सामान अनाज , भूसा जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने आग की सूचना दमकल को दी। आग की लपटें देख आसपास के गांव के ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर हैंडपंप व पम्पसेट व दमकल की मदद से एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, हल्का लेखपाल ने पीड़ितों से जानकारी कर क्षति का आकलन किया। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की।

● मिट्टी, पंपसेट व दमकल की मदद से आग पर पाया काबू

## ससुराल में महिला के साथ मारपीट

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम नगला जोधा निवासी रवि कुमार की शादी 10 माहपूर्व गुरसहायगंज कन्नौज सोनम पुत्री रामनिवास के साथ के मोहल्ला झूसी नगर से हुई थी। आज सोनम अपनी ससुराल में सुबह झाड़ू लगा रही थी इसी बीच उसके साथ उसकी सास ननद और देवर पति ने मारपीट कर दी।



सोनम ने इसकी सूचना अपने भाई विकास को दी। विकास आज गांव पहुंचकर सोनम की सास से मारपीट का कारण पूछा। इसी बात से नाराज सोनम के पति रवि और देवर ने विकास को जमकर पीटा। सोनम ने थाने पहुंचकर पतिसहित चार लोगों के खिलाफ नाम जद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# डीएम, एसपी को मतदान केंद्रों पर मिलीं खामियां

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अमृतपुर विधानसभा के मतदान केंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुजरपुर पमारन,संविलियन विद्यालय अमृतपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर व प्राथमिक विद्यालय भरखा का निरीक्षण किया ।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुजरपुर पमारन में गेट पर नाली के ऊपर जाली लगवाने, शौचालय की पुताई कराने,यूरिनल पॉट चेंज कराने व परिसर की सफाई कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए, ग्राम पंचायत अधिकारी के उपस्थित न होने पर स्पष्टीकरण पर प्राप्त करने के निर्देश, संविलियन विद्यालय अमृतपुर में सभी बूथों पर लाइट बढ़ाने, साफ सफाई कराने व रैंप की स्लोव बनाने पंखे साफ कराने व परिसर की साफ सफाई के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये ।

उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में कमरों में पंखे बढ़ाने, लाइट बढ़ाने ग्राउंड का समतलीकरण कराने व हैज की कटिंग कराने के निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय भरखा में लाइट बढ़ाने, स्लोव बढ़ाने व शौचालय के रास्ते की सीढ़ियां बनाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए, इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

● नाली के ऊपर जाली लगवाने शौचालय की पुताई कराने व परिसर की सफाई के निर्देश

## राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी की बैठक

**फर्रुखाबाद।** शहर के एक गेस्ट हाउस में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी की बैठक हुई। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा, राजपूत समाज के पास अपना झंडा नहीं है, इसलिए किसी भी पार्टी के नेता आत्मसम्मान के साथ खेल जाते हैं और राजपूत समाज के बड़े नेता विधायक इसलिए नहीं बोलते कि उनकी टिकट न कट जाए। जब अपने झंडे के विधायक, सांसद होंगे, तो वह समाज के लिए खुलकर बोलेंगे। उनको टिकट कटने का डर नहीं होगा और न अपनी बात रखने में भय होगा। जिस उम्र में युवाओं को पढ़ाई में ध्यान लगाकर पढ़ना चाहिए। उस उम्र में युवाओं को अपने समाज के स्वाभिमान के लिए धरना प्रदर्शन कर जेल काटना पड़ रहा है। उन्होंने शेर सिंह राणा की राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के समर्थन में युवाओं को जुटने का आह्वान किया।

# मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवरात्र पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। सुबह से देर शाम तक भक्त मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन करते रहे। नवरात्र पर मंदिरों को भव्य रूप से रंगबिरंगी लाइटों और फूल मालाओं से सजाए गए है।

नुनहाई स्थित मां दुर्गा मंदिर में तड़के से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंचे देर शाम तक यही सिलसिला जारी रहा। इस बीच भक्त मां दुर्गा के दर्शन करते रहे। गुरुगांव देवी और गायत्री मंदिर में भी भीड़ उमड़ी गुरुगांव देवी मंदिर परिसर में लगे मेले का भी लोगों ने लुत्फ़ उठाया मंदिर में लोग मां दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहे थे। शीतला माता और श्री संतोषी माता मंदिर बढ़पुर में भी सुबह से देर शाम तक मातारानी के जयकारे गूंजते रहे सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने माता दुर्गा के दर्शन किए। वैष्णो देवी मंदिर भोलेपुर और गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में भी भक्तों ने विधि विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा की व भक्तों को मां के दर्शन करवाए। मंदिर के सेवादार भी मां के दर्शन करवाने में भक्तों की सहायता करते रहे। नवरात्र के दूसरे दिन भी मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें थी। मां के दर्शनों के लिए दूरदराज से भी भक्त आए हुए थे।


गुड़गांव देवी मंदिर में पूजन करते भक्त।

धर्म-कर्म | सिंधी समाज ने धूमधाम के साथ मनाई झूलेलाल जयंती, शहर में निकाली गई शोभायात्रा

# भक्तों ने जमकर लगाए झूलेलाल के जयकारे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** झूलेलाल जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर प्रभु झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई। प्रभु झूलेलाल का पक्के पुल सिंधी धर्मशाला में अभिषेक बहिराणा साहब का पूजन पंडित संजय शर्मा ने कराया। संजय शर्मा ने बताया सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व होता है जिसमें सभी के साथ समरसता का भाव भाईचारा दिखाई देता है। पूजन अर्चन के पश्चात मीठे चावल और चने का प्रसाद वितरण किया गया। पक्का पुल सिंधी धर्मशाला से सिंधी समाज के लोग ढोल नगाड़े के साथ हिंदी भाषा में गीत, संगीत, कीर्तन आयो लाल झूलेलाल..., जय झूलेलाल के नारों के साथ पूरा नगर गूंज उठा। सिंधी समाज के युवक एवं युवतियां डांडिया नृत्य करते हुए प्रभु झूलेलाल की शोभायात्रा में आगे-आगे चल रहे थे। यात्रा नगर के मुख्य मार्ग पक्का पुल, किराना बाजार, चौक, रेलवे रोड होते हुए सिंह मैदान पहुंची। मुखिया आत्माराम डवानी, ईश्वरदास शिवानी, अशोक शिवानी ने यात्रा का स्वागत किया एवं जगह-जगह बहिराणा साहब सिंधी समाज के घरों में गए। वहां पर लोगों ने पवित्र पावन ज्योति के दर्शन किए और सिंधी नव वर्ष की मंगल कामनाओं की दुआ मांगी।

सिंधु मैदान में विचार गोष्ठी हुई जिसमें सिंधी समाज के त्याग बालिदान की गाथा सुनाई गई। सिंधी समाज ने देश की प्रगति में महान योगदान दिया। समाज के बच्चे वरिष्ठ जन एवं कर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। शायमकाल को यह यात्रा सिंधु मैदान से नगर के मुख्य मार्ग रेलवे रोड, चौक, नेहरू रोड ,लाल सराय होते हुए पांचाल घाट पहुंची वहां पर ज्योति का विसर्जन किया गया। गंगा मैया मे ज्योति के दर्शन के साथ सिंधी नव वर्ष में समाज देश परिवार के लिए खुशवाली की मंगल कामना की।


शहर में शोभायात्रा निकालते सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

## पीआरडी जवानों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में स्थित विकास भवन युवा कल्याण विभाग में जिला युवा कल्याण अधिकारी से प्रताड़ित पीआरडी जवानों ने जिलाधिकारी को शिकायत दर्ज कराई है। इधर जिला युवा कल्याण अधिकारी ने एक पीआरडी जवान को सेवा समाप्ति का नोटिस दिया है। पीआरडी जवानों का कहना है कि उनकी ऑनलाइन ड्यूटी महीने की 25 तारीख को लग जाती है। विभाग से उन लोगों को कोई सूचनाएं नहीं दी जाती हैं। किसकी ड्यूटी कहां लगी है। समय से सूचना न मिलने से ड्यूटी पर नहीं पहुंचते है। पीआरडी जवानों का आरोप है कि उन्हें महीने की 2 तारीख को बताया जाता है कि ड्यूटी कहां लगी है।

# वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दयाल एजूकेशन सेंटर रानूखेड़ा कमालगंज में बुधवार को क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के करीब 400 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। जिनकी उम्र 60 वर्ष के ऊपर की थी।

इसके साथ ही कक्षा 1 से कक्षा 12 तक प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखई नगला निवासी परसराम वर्मा ने की। 86 से 90 वर्ष के ऊपर के उम्र के लोगों को संस्था के प्रबंधक राधेश्याम वर्मा ने सम्मानित किया।81 से 85 वर्ष के लोगों को विजय सिंह वर्मा एडवोकेट ने सम्मान प्रदान कराया। 76 से 80 वर्ष के वरिष्ठ लोगों को संस्था के चेयरमैन भूपेंद्र पथरिया ने दयाल एजुकेशन सेंटर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 60 से 75 बर्ष के वरिष्ठ नागरिकों को स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश सिंह वर्मा ने सम्मानित किया । कार्यक्रम में उपाध्यक्ष चुरसाई निवासी अरविंद राजपूत रहे। विशिष्ट अतिथियों में टांडा बहरामपुर के सुधीर कुमार शुक्ला, बिचपुरी निवासी राम बक्स वर्मा, चुरसाई निवासी मास्टर रामनाथ वर्मा, नाला बघार निवासी विक्रांत सिंह राना, मिर्जा नगला निवासी शम्भू दयाल वर्मा, घाटमपुर निवासी दशरथ सिंह आदि मौजूद रहे।


सम्मान समारोह में मौजूद वरिष्ठ नागरिक। अमृत विचार

# जर्जर हाईटेंशन लाइन टूटने से लगी आग, छह बीघा गेहूं की फसल जली

## नुकसान का आकलन कर मुआवजे के लिए मंडी समिति को रिपोर्ट भेजी जा रही: तहसीलदार

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** खेत में झूल रहे जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गेहूं की फसल पर गिर पड़ा। तारों से निकली चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की छह बीघा फसल जलकर राख हो गई।

ऊसराहार कस्बा से सरसईनावर मार्ग को जाने वाले रास्ते के पास ही मोहरी निवासी अरविंद शर्मा का छह बीघा खेत है। इस खेत को ऊसराहार निवासी नसीम खां ने बंटाई पर ले रखा है। नसीम ने गेंहू की फसल तैयार की। उसने गेंहू की कटाई भी शुरू कर दी थी।

सुबह कटाई कर वह घर पर खाना खाने चला गया। इसी बीच खेतो में हाई टेंशन लाइन का जर्जर तार टूटकर गेंहू के खेत में गिर पड़ा। तारों से निकली चिंगारी ने पलक झपकते आग का विकराल रूप धारण कर लिया। पूरे छह बीघा खेत में खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। तहसीलदार ताखा मोहम्मद असलम ने बताया मौके से नुकसान का आकलन कर मुआवजे के लिए मंडी समिति को रिपोर्ट भेजी जा रही है।


ताखा क्षेत्र के मोहरी गांव में आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

- बंटाई पर खेत लेकर तैयार की थी फसल, कैसे होगा गुजारा

### भैंसाई गांव में तीन बीघा गेहूं की फसल जली

**भरथना, इटावा।** भरथना क्षेत्र के ग्राम भैंसाई में राम बहादुर सिंह की तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसान के खेत के ऊपर से गुजरे हाई टेंशन विद्युत तार से गिरी चिंगारी से फसल में आग लगी थी। राजस्व विभाग की टीम ने 30 हजार रुपये की फसल का नुकसान का अनुमान लगाया है। क्षेत्र के ग्राम नगला प्रान में अज्ञात कारणों के चलते प्रदीप कुमार के घर में भीषण आग लग गई। 50 हजार से अधिक का घरेलू कीमती सामान जल कर राख हो गया। फायर कर्मियों ने बिना समय बिताए मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में कीमती सामान जला

**इकदिल, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव चांदनपुर में मंगलवार देर शाम को घर में लगी बिजली की केबिल के शॉर्ट सर्किट होने से घर के बगल में रखी झोपड़ी में चिंगारी गिरने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसान सियाराम पुत्र देवजीत गांव चांदनपुर ने बताया की झोपड़ी में भूसा लगभग 40 क्विंटल, 80 गट्ठा ढेचा और कुछ कपड़े चारपाई पर बिछाने वाले रखे हुए थे जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। झोपड़ी के बगल का पक्का मकान भी चटक गया। पड़ोसी रामशंकर की एक भैंस इस तेज आग की बदौलत झुलस गई। इस आग को बुझाने की वजह से आदर्श बाबू (15) व अंकित कुमार (17) आग बुझाने की वजह से हाथ झुलस गए। मौके पर पहुंचे लेखपाल योगेंद्र सिंह ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया।

### 33 हजार केवीए लाइन में खराबी से कई गांवों की आपूर्ति ठप

**बकेवर, इटावा।** टकरुपुर से बकेवर बिजलीघर को आपूर्ति देने वाली 33 हजार केवीए की लाइन में केबिल फुंक जाने के कारण बकेवर कस्बा सहित समूचे बिजली उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तकरीबन साढ़े पांच घंटे ठप रही। केबिल टकरुपुर स्थित ट्रांसमिशन बिजलीघर पर फुंकी थी। जहां से के बकेवर बिजली उपकेंद्र को आपूर्ति आती है। केबिल बदलने के कार्य के बाद रात्रि करीब पौने बारह बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।

ग्रामीण क्षेत्र की बिजली करीब 11 बजे चली गई थी। उसके बाद शाम को करीब 6 बजे आने के तत्काल 5 मिनट के अंदर ही 33 हजार की लाइन में फाल्ट हो जाने के कारण आपूर्ति ठप हो गई। देर रात तक बिजली केबिल ठीक करने का काम किए जाने के बाद रात्रि 11 बजकर 45 पर बकेवर बिजली उपकेंद्र को आपूर्ति बहाल हो सकी। जेई बकेवर वीरेंद्र सिंह ने बताया लोड के कारण टकरुपुर में 33 हजार केवीए की लाइन में मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे फाल्ट होने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। तत्काल टीम के साथ मौके पर जाकर फाल्ट को दुरस्त कराया गया करीब पौने बारह बजे बिजली आपुर्ति बहाल करा दी गई।

# मतदान तिथि को बच्चों ने हाथों पर सजाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- स्वीप कार्यक्रम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय चितभवन में प्रतियोगिताएं कराई गईं
- वोट मेरा अधिकार, देश की शान- वोट का निशान जैसे स्लोगन से बढ़ाई जागरुकता

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय चितभवन में बच्चों ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्राओं ने लोगो, स्लोगन के जरिए मतदान तिथि को हाथों पर मेहंदी से सजाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय ढ़िमरई, नगला गौर, सरसईनावर, नगला पंछी, समथर, यासीनगर, कांधनी, व्यासपुर, जगमोहनपुर, गोपियापुर, भरतपुरखुर्द, बकौली, बारहपिल्ला, भरथना, छिमारा में छात्र छात्राओं ने वोट मेरा अधिकार, देश की शान वोट का निशान स्लोगनों को सुंदर ढंग से अपने हाथों में सजाया।

**मेहंदी प्रतियोगिता से वोटरों को जागरूक किया: ताखा, इटावा।** खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश सिंह निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में मेहंदी प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं ने संबंधित ग्राम के लोगों को जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय कुरखा में बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसईनावर, प्राथमिक विद्यालय पुंजा, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पंछी, उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतपुर खुर्द में छात्रा छात्राओं ने वोट मेरा अधिकार, देश की शान वोट का निशान स्लोगनों को सुंदर ढंग से अपने हाथों में सजाया। ब्लाक शिक्षक अवनीश दुबे ने सभी का उत्साह बढ़ाया।


हाथों पर मेहंदी रचाए छात्राएं। अमृत विचार

### 'सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो'

बकेवर, इटावा। विकास खंड महेवा के अधिकांश विद्यालयों में बच्चों ने शिक्षकों की देखरेख में मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व समझाया। कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर में बच्चों ने मेंहदी से अपने हाथों में मतदाता को जागरूक करने के लिए स्लोगन डिजाइन कर लिखे। बच्चों ने लिखा सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो। मेहंदी प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर दिव्या ने प्रथम, रुचि ने द्वितीय व तेजस्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं उच्च स्तर प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान राधिका और तृतीय स्थान गौरी ने प्राप्त किया। प्राची और शालू की मेहंदी भी सराहनीय रही। प्रतियोगिता संपन्न कराने में कुमारी निधि कुशवाहा, अंशुल सिंह, नेहा सिंह व मनोज कुमार पाण्डेय का सहयोग रहा। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। इसी तरह नगला बनी आदर्श नगर में शिक्षक प्रीती यादव की देखदेख में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# भारतीय संस्कृति दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ : प्रदीप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** गंगा समग्र इकाई इटावा के तत्वावधान में नव संवतसर का स्वागत उत्सव यमुना घाट स्थित पीतांबरा माता के मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया। गंगा समग्र की तरफ से दीपोत्सव और गंगा यमुना-आरती की गई। जिसमें अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर के प्रांत सह कार्यवाह डॉ. प्रदीप भदौरिया और इटावा विभाग के संघ चालक विनोद चंद्र पाण्डेय ने प्रतिभाग किया। आरती के बाद सभी नें एक दूसरे को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी।

प्रदीप भदौरिया नें कहा कि भारतीय संस्कृति दुनियां में श्रेष्ठ है। विक्रम संवत से पूरे विश्व में सबसे पहले कैलेंडर वर्ष की शुरुआत हुई और हमारा नववर्ष ज्यादा व्यावहारिक है। आज की युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना जरूरी है। विनोद चंद्र पाण्डेय ने यमुना में फैली गंदगी पर चिंता जताते हुए कहा कि आम लोगों को इसका ध्यान रखना चाहिए यमुना माता को स्वच्छ और निर्मल रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

आरती में यमुना भाग कानपुर प्रांत के संयोजक अवनीन्द्र सिंह जादौन, गंगा समग्र के आयाम प्रमुख प्रांजल कुमार दुबे, अनूप दीक्षित, एडवोकेट अवनेन्द्र चौहान, अवधेश सिंह राजावत, स्मृति सिंह, आदित्य शर्मा, मुकेश त्रिपाठी, दीपक राज, राजीव चौहान, पीतांबरा धाम मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे, आचार्य किशन स्वरूप दुबे, पंडित शिवम दीक्षित व काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।


आरती उतारते आरएसएस के प्रांत सह कार्यवाह डॉ. प्रदीप भदौरिया। अमृत विचार

- नव संवत्सर पर गंगा समग्र ने मनाया दीपोत्सव, उतारी आरती

# कथा से पूर्व गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा महेवा में सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। शिव शक्ति गेस्ट हाउस में आयोजित भागवत कथा में सरस कथा वाचक पूनम शास्त्री के सानिध्य में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश धारण किए हुए चल रहीं थीं। बैंड बाजों की धुन पर भक्त नृत्य कर रहे थे।

वहीं परीक्षित के रूप में शिव शंकर यादव उनकी पत्नी मालती यादव, अरुण यादव, प्रीती यादव, अनिल यादव साधना यादव सहित समाज सेविका सरिता यादव, सक्षम, शौर्य, उत्कर्ष आदि सैकड़ों भक्त शामिल थे।


कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### करंट लगने से किसान की मौत, परिजनों में कोहराम

**इटावा।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम खरदुली में मंगलवार शाम को करेंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। उक्त गांव निवासी सुरजीत यादव पुत्र मोहनलाल मंगलवार की शाम को अपने खेतों पर काम करने के बाद घर आया था। अंदर जाने के लिए उसने स्टील के मेंन गेट को खोला गेट में करेंट आ रहा था। जिससे वह झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बादल और हल्की बरसात से किसान चिंतित

**इटावा।** मौसम में हुए बदलाव आसमान में छाए बादलों और शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में बुधवार की शाम को हुई हल्की बारिश ने एक बार फिर किसानों की चिता बढ़ा दी है। बुधवार की सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा जमा लिया था। शाम करीब साढ़े तीन बजे हल्की बरसात हो गई। इससे गेहूं की फसल के लिए संकट खड़ा हो गया है। बुधवार की सुबह किसानों की आंख खुली तो आसमान में बादलों की उमड़-घुमड़ देख परेशान हो गए। दिनभर किसान गेहूं की फसलों की कटाई में जुटे रहे। ऐसे में खेत से खलिहान तक आपाधापी मची रहीं। किसानों का कहना है कि बारिश हुई तो फसलों का भारी नुकसान होगा। बुवाई से लेकर अब तक गेहूं की फसलों को मौसम का साथ मिला है। इस बार पिछले साल की अपेक्षा गेहूं की फसल अच्छी बताई जा रही है। किसान फसल से अच्छी पैदावार की उम्मींद लगाए हुए है। खेतों में फसल तैयार हो चुकी है। किसान फसलों को निपटाने में जुटे हुए है। दिनभर रात खेतों में फसलों की कटाई का कार्य चल रहा है। मगर ऐन वक्त पर मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### दहेज हत्या के तीन आरोपी साक्ष्यों के अभाव में बरी

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम दिलीप कुमार सचान ने चार साल पुराने दहेज हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में तीन आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुबोध कुमार द्विवेदी ने बताया कि औरैया जिले के ऐरवा कटरा थाना क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी दीपक कुमार ने ऊसराहार थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसने अपनी बहन शिवानी की शादी 13 मई 2019 को ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव कौआ निवासी रोहित पुत्र कल्लू सविता के साथ की थी। रक्षा बंधन पर जब शिवानी मायके गई तो उसने बताया कि ससुराल के लोग बाइक व चेन की मांग कर रहे है। 28 अगस्त 2019 को उसे खबर मिली कि उसकी बहन शिवानी की मौत हो गई। वह कौआ पहुंचा तो उसका शव घर पर रखा था उसका आरोप है कि उसकी बहन के साथ दहेज के लिए ससुरालीजनों ने मारपीट की। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैगिंग आया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति रोहित ससुर कल्लू उर्फ कमलेश व सास लक्ष्मी देवी के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी रोहित कमलेश उर्फ कल्लू व लक्ष्मी देवी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

### चोरी की कार के साथ शातिर गिरफ्तार

**इटावा।** सैफई थाना पुलिस ने गस्त के दौरान बीएसएनएल कार्यालय के पास से चोरी की कार सहित एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि आकाश यादव पुत्र राकेश चन्द निवासी कृष्णा नगर थाना भरथना ने थाना सैफई ने तहरीर दी कि वह सात अप्रैल को सैफई पीजीआई कैंपस में इलाज करवाने गए थे। इसी दौरान सैफई पीजीआई के कैंपस से उनकी इनोवा क्रिस्टा कार चोरों द्वारा चोरी कर ली गई0। पुलिस ने मामला दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक बल राम मिश्रा अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि सैफई कैम्पस से इनोवा क्रिस्टा कार चोरी करने वाला बीएसएनएल चौराहे के पास चोरी की गाड़ी में कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए व्यक्ति ने अपना नाम अलीम पुत्र अलाउद्दीन निवासी मेवाती टोला बताया।

# ट्रक से भिड़ी डीसीएम चालक व हेल्पर घायल

संवाददाता ताखा, इटावा

- डीसीएम चालक को झपकी आने के कारण हुआ हादसा

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव रम्पुरा के पास चालक को झपकी आने से डीसीएम आगे जा रहे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में डीसीएम का चालक व हेल्पर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पीजीआई भिजवाया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह करीब साढे पांच बजे बिजली के कबाड़ के तार लेकर लखनऊ से दिल्ली जा रही डीसीएम रम्पुरा गांव के पास चालक को अचानक झपकी आने से आगे जा रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। जिससे डीसीएम में सवार चालक अफजल व क्लीनर इकबाल निवासी भोजपुर कबीर नगर दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पर मौके पर पहुंची यूपीडा सुरक्षा टीम व कुदरैल एक्सप्रेसवे चौकी पुलिस ने दोनों घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से सुरक्षित बाहर निकाल कर पीजीआई सैंफई भिजवाया गया। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त डीसीएम को क्रेन से रोड से हटवाकर रास्ते को साफ कराया। एक्सप्रेसवे चौकी इंचार्ज जगराम सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन में पीछे से डीसीएम टकराने से चालक क्लीनर घायल हो गये हैं

# यमुना-चंबल के संगम पर विदेशी पक्षी दिखे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा जिले में यमुना एवं चंबल के संगम स्थल भरेह क्षेत्र में कई दिनों से प्रवासी पक्षी फ्लेमिंगो ने अपना डेरा बना रखा है। 70-80 फ्लेमिंगो पक्षियों के झुंड को देखा जा रहा है। बहुत ही सुंदर ये पक्षी सुदुर क्षेत्रों से शीत काल में आते हैं तथा ग्रीष्म ऋतु आते ही यहां से मध्य एशिया, यूरोप और हिमालय की तरफ चले जाते हैं।

इस क्षेत्र का प्राकृतिक माहौल इन पक्षियों को आकर्षित करता है। जिसकी चलते भी यहां आ जाते हैं। यहां बीहड के क्षेत्र में चंबल के आसपास अपना डेरा जमाते हैं। लोग उन्हें देखने के लिए भी उनके आकर्षण में बंधे चले आते हैं। इटावा सफारी के डॉयरेक्टर अनिल पटेल ने भी इन पक्षियों के दीदार किया तो इन्हें अपने कमरे में कैद कर लिया।

आमतौर पर यह पक्षी नवंबर के महीने से इटावा जिले में आने शुरू हो जाते हैं और अप्रैल में उनकी रवानगी हो जाती है। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में यह पक्षी अपने देश के लिए रवाना हो जाएंगे। मौसम गर्म होने से पहले ही यह पक्षी यहां से उड़ान भर जाते हैं।


चंबल क्षेत्र में मौजूद विदेशी पक्षी। अमृत विचार

# प्रधानाचार्य पर बच्चे के साथ मारपीट का आरोप

**बसरेहर, इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव संतोषपुर घाट के निजी स्कूल के प्रधानाचार्य पर बच्चे के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है। पिता दिलीप कुमार निवासी नगला नैनसुख ने बताया कि उनका 11 वर्षीय पुत्र उदयप्रताप कक्षा छह में पढ़ता है। शनिवार को सुबह आठ बजे प्रार्थना के दौरान उसके पुत्र को लकड़ी की छड़ी से पीटा। बसरेहर थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया कि पीड़ित बच्चों के पिता दिलीप कुमार के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रधानाचार्य सतीश यादव निवासी भरथना चौराहा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**सियासत** सर्वजन सुखाय पार्टी का लक्ष्य जनता को ईमानदार विकल्प देना

# सपा का चुनाव में साफ होगा सूपड़ा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव या फिर डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा

**अमृत विचार।** सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं मिलने वाली। इस चुनाव में सपा का उत्तर प्रदेश से सूपड़ा साफ होने जा रहा है। सपा छोड़कर बड़ी तादाद में नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने सपा को डूबता जहाज बताया।

कर्बाखेड़ा स्थित अपने कैंप कार्यालय पर उन्होंने कहा कि सर्वजन सुखाय पार्टी का लक्ष्य इस चुनाव में जनता को एक नया विकल्प देना है। हम सभी राजनैतिक दलों की भेदभावपूर्ण राजनीति का पर्दाफाश जनता के बीच जाकर कर रहे हैं। वे लोकसभा चुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक करीब 300 स्थानों पर पब्लिक मीटिंग कर रहे हैं। इस चुनाव के माध्यम से पार्टी आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को अपना लक्ष्य बनाएगी। विधानसभा चुनावों में हमारी कोशिश होगी कि बगैर एसएसपी के समर्थन के कोई सरकार न बने।

उन्होंने बताया कि इस चुनाव में एसएसपी ने इटावा से जसकरन सिंह कठेरिया, फरूखाबाद से सामोद यादव, अकबरपुर से कुलदीप दुबे कुल तीन प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कन्नौज से पूर्व सीएम अखिलेश यादव चुनाव लड़ते हैं तो वे भी उनके मुकाबले में चुनाव लड़ेंगे। यदि पूर्वसीएम अखिलेश यादव प्रत्याशी नहीं बनते हैं तो मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि सैफई परिवार ने पिछले 40 वर्षो में घोसी समाज को राजनैतिक और आर्थिक तौर पर बर्बाद करने का काम किया है। इस अन्याय के खिलाफ ही वे संघर्ष कर रहे हैं। घोसी समाज के अपमान की असली लड़ाई तो 2027 के विधानसभा चुनाव में दिखेगी। विधानसभा में कम से कम 100 सीटों पर एसएसपी अपने प्रत्याशी उतारेगी।


एसएसपी के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव।

# केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन में दिग्गजों का जमावड़ा

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का बुधवार को ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी की गूंज के बीच एक भव्य समारोह में उदघाटन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल मौजूद रहे। इटावा लोकसभा में आने वाली इटावा, भरथना, औरैया, दिबियापुर और कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा क्षेत्रों के दिग्गज भाजपाई मंच पर एकजुट दिखे। इटावा से विधायक सांसद और कैबिनेट मंत्री रहीं वरिष्ठ नेत्री सुखदा मिश्रा की मौजूदगी ने भी समारोह में खास बनाया। इटावा लोकसभा के हर बूथ से भाजपा को जिताने का संकल्प दिलाया।

# राम और सीता जिनके प्रिय नहीं, उन्हें वोट न दें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जनता के मिले अपार स्नेह का हमेशा ऋणी रहूंगा: रामशंकर

**अमृत विचार।** भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कार्यालय का उदघाटन करने के बाद कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव, कस्बों-कस्बों में मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। योगी सरकार की जन हितैषी नीतियों को भी जन-जन पहुंचाकर इटावा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के लिए जनसमर्थन जुटाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने रामायण की एक चौपाई जाके प्रिय-न-राम-बदैही, ताको वोट कदापि न देहि सुनाकर जनता को अपना संदेश दिया।

भाजपा प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इटावा लोकसभा से दूसरी बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद उन्हें जो जनसमर्थन मिल रहा है वो उनके लिए जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि इस बार तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने पर देश को विकास के पथ पर और आगे बढ़ने में काफी मजबूती मिलेगी।

इटावा प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि हमें इटावा लोकसभा सीट को पांच लाख से अधिक मतों से जीतने के लक्ष्य को पूरा करना है।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं औरैया प्रभारी आनंद सिंह, राज्यमंत्री अजीत पाल, एमएलसी अविनाश चौहान, लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा आदि ने संबोधित किया। उद्घाटन सभा का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

उद्घाटन सभा मे प्रमुख रूप से भाजपा इटावा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, औरैया जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, कानपुर देहात जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, केके राज, जसवंत सिंह वर्मा, शिवमहेश दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, रामकुमार चौधरी, लोकसभा सह-प्रभारी बाबा बालक दास पाल, विमल भदौरिया, अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, जिला मंत्री राहुल राजपूत, रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, लोकसभा मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, औरैया मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी, डॉ मृदुला कठेरिया, विरला शाक्या, मनीषा शुक्ला, कमलेश कठेरिया सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चाओ के अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।


भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व डॉ. रामशंकर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिकः श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

# पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कंट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्पशन और एडजॉर्पशन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फूड सप्लीमेंट्स-न्यूट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है,लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्यूट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजेनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलेंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांचर्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित वृद्धि के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेजी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अर्थॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

पूरक आहार और न्युट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अर्थॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है,लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सेनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैः आमजन को ऐसा आभास जर्राभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।

शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

## प्रसंगवश

# जश्न-ए-ईद

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह,प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे",छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है,उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

# हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं,20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं,14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां,1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं,क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं,जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं,वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए,जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं,जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत,रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत,चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा,लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका,क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति के गुण

पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक,राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता,पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण,परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है,जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता,पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है,किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो,पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

# कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार,आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं,कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना,उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है,लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं,लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय,छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का,तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम,मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है,लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित,छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज,विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें,पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है,वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

# उत्तराखंड कला जगत को आघात



प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं। मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझे आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

# ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर चाचा की मौत, भतीजा घायल

## बिधूना-दिबियापुर मार्ग पर रावतपुर के पास हादसा, मचा कोहराम

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिधूना-दिबियापुर मार्ग पर रावतपुर के पास एक तेज अनियंत्रित गति से जा रहे ट्रेक्टर की चपेट में आकर एक बाइक सवार अधेड़ की जहां मौत हो गई वहीं बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि गंभीर रूप से घायल युवक को मिनी पीजीआई सेंफई रेफर किया गया है।


रोते-बिलखते युवक के परिजन। अमृत विचार

ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम कटका निवासी रामशंकर शाक्य (55) पुत्र इतवारी लाल अपने भतीजे गोविंद के साथ बाइक से औरैया न्यायालय जा रहा था। गोविंद बाइक चला रहा था। बिधूना रामगढ़ मार्ग पर रावतपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रामशंकर व उनका भतीजा गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां रामशंकर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके भतीजे गोविंद को प्राथमिक उपचार के बाद मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने रामशंकर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से ट्रैक्टर की पहचान की जा रही है। तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# धोखाधड़ी कर व्यापारी को दी 3 लाख रुपये की गलत चेक

संवाददाता बिधूना, औरैया

- उलाहना देने पर गालियां देकर जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार।** कस्बे के एक व्यापारी ने अपनी फर्म से लेनदेन करने और बाद में बकाया चुकाने के लिए धोखाधड़ी कर 3 लाख रुपये की गलत चेक देने और गलत चेक का उलाहना देने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का दो लोगों पर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी कौशल पोरवाल पुत्र शिव कुमार पोरवाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी एस के ट्रेडर्स नाम की एक फर्म है जिस पर वह कपड़े की होलसेल का काम करता है।

फर्म से रविंद्र कुमार पुत्र कालीचरन व भूप सिंह पुत्र कालीचरन निवासी लक्षीरामपुर्वा भी कपड़े का लेनदेन करते थे जिससे उसका काफी रुपया इन लोगों के ऊपर बकाया हो गया।

इस पर रविंद्र कुमार ने सिंडिकेट बैंक की एक चेक 14 जून 2022 को 336558 रुपये की दी, लेकिन जब चैक बैंक में लगाई गई तो चेक बाउंस हो गई। व्यापारी ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसके साथ साजिशन धोखाधड़ी की गई है। व्यापारी ने यह भी शिकायत की है कि जब उसके द्वारा धोखाधड़ी कर गलत चैक देने का उलाहना दिया गया तो उपरोक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी है।

### घूमते दिखें टॉप-10 अपराधी तो दें जानकारी: सीओ

**औरैया।** अयाना थाना परिसर में बुधवार को सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा ने ईद व लोकसभा चुनाव को लेकर चौकीदारों के साथ बैठक की। सीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था को भंग करने के लिए कोई हिस्ट्रीशीटर व टॉप-10 अधिकारी घूमता दिखे तो इसकी जानकारी पुलिस को दें।

# आलू में तेजी से रसोई में महंगाई का तड़का

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सब्जियों का राजा कहा जाने वाला 'आलू' इन दिनों वास्तव में राजा बन गया है। अचानक महंगाई आने से आलू के दाम अप्रैल की शुरुआत में इतने बढ़े जो इस साल से पहले कभी नहीं रहे। इन दिनों सब्जी मंडी में अच्छे आलू के दाम दो हजार रुपये प्रति क्विंटल तक हैं। जिसके चलते आलू की फुटकर बिक्री 25 रुपये प्रतिकिलो तक हो रही है।

इस बार भीषण सर्दी और कोहरा से आलू की फसल बर्बाद हुई थी। इसके बाद रही कसर खोदाई के समय हुई बारिस ने पूरी कर दी जिससे पैदावार में काफी गिरावट रही। उत्पादन में कमी और कोल्ड स्टोरेज में हुए अंधाधुधं भंडारण की वजह से बाजार में आलू की कीमतों में उछाल आया। आढ़त पर थोक भाव 800 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक प्रति पैकेट है। पैकेट में 52 किलो आलू की भरती रहती है।

मंडी के प्रमुख सब्जी आढ़ती दीपेश प्रजापति ने बताया कि जनपद में चिप्सोना, 3797, श्रीनाथ एवं कंचन आदि आलू प्रजातियों की मांग रहती है।चिप्सोना, श्रीनाथ एवं 3797 प्रजाति वाला आलू नौ सौ रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति पैकेट है। जबकि अन्य हाइब्रिड एवं लाल हाइलैण्ड तथा कंचन आदि प्रजातियों का आलू आठ सौ रुपये से लेकर नौ सौ रुपये प्रति पैकेट बिक्री हो रहा है।


आढ़त पर आलू की खरीद-फरोख्त करते व्यापारी। अमृत विचार

सब्जी कारोबार से जुड़े आढ़ती दीपू अवस्थी बताते हैं कि उन्होंने अब तक अप्रैल की शुरुआत में आलू में इतनी महंगाई कभी नहीं देखी। जानकारों का मानना है कि उत्पादक किसानों का खेत, खलियान और घरों में डंप किया आलू कोल्ड स्टोर में भण्डारण तथा बिक्री हो जाने से महंगा हुआ है जो फिलहाल सस्ता नहीं होगा लगभग दो माह बाद जब कोल्ड स्टोर से निकासी शुरू होगी तब कीमतें कम ज्यादा होने की उम्मीद है।

भारत कोल्ड स्टोर के प्रबंधक दीवान सिंह यादव ने बताया कि इस साल पैदावार कम हुई है जबकि जनपद स्थित कोल्ड स्टोरों में हुए भंडारण के बाद गैर प्रान्तों में आलू के निर्यात से आलू मंहगा हो गया। इसके अलावा घरेलू खपत में भी आलू की काफी मांग रहने से इस वर्ष आलू के दामों में कमी की उम्मीद न के बराबर लग रही है।


क्वेश्चन बैंक का विमोचन करते कुलपति। अमृत विचार

# असिस्टेंट प्रोफेसर सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. यश कुमार ने सीएसजेएमयू विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा नामित समिति के निर्देशन में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्वेश्चन बैंक का निर्माण किया जिसे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर लॉन्च किया जाएगा।

मंगलवार को सीएसजेएमयू विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने डॉ यश कुमार को क्वेश्चन बैंक निर्माण की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। उनके अनुसार यह क्वेश्चन बैंक बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले समस्त विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगी। डॉ. यश कुमार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर इकरार अहमद, राजनीति विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ. इफ्तिखार हसन, डॉ. हिमांशु, डॉ. संदीप ओमर, डॉ. श्याम नारायण सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनको बधाई दी है।

# आनंद बने हिट एंड रन मुआवजा योजना समिति के सदस्य

**औरैया।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजा योजना-2022 के क्रियान्वन हेतु डीएम औरैया द्वारा जिलास्तरीय समिति का गठन किया गया। सात सदस्यीय समिति में समाजसेवी संगठन विचित्र पहल सेवा समिति, औरैया के अध्यक्ष आनन्द नाथ गुप्ता को सदस्य नामित किया गया है।


आनंद नाथ गुप्ता।

हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के लिए मुआवजा योजना-2022 के क्रियान्वन व प्रगति के मूल्यांकन हेतु डीएम की अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# रंगेहाथ घूस लेते एक्सईएन दबोचा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिजली विभाग के रिटायर्ड लेखाकार से मांगी थी घूस
- दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड औरैया में तैनात था एक्सईएन

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के रिटायर लेखाकार से पेंशन व अन्य देयों के भुगतान की फाइल पास कराने के नाम पर 10 हजार की घूस लेते अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोच लिया। आरोप है कि मांगी गई रकम न देने पर मुख्यालय से स्वीकृत फाइल को एक्सईएन ने लटकाए रखा।

श्याम नगर, कंचन विहार निवासी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वह दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड औरैया में 10 मार्च 2016 से 30 जून 2023 तक तैनात रहे। 30 जून को वह लेखाकार पद से रिटायर्ड हुए थे। उन्हीं के कार्यालय में एक्सईएन के पद पर मूलरूप से भरथना, महावीर नगर व वर्तमान में रतनलाल नगर निवासी संदीप कुमार दुबे तैनात हैं। अनिल का आरोप है कि संदीप कुमार दुबे पेंशन के प्रकरण को आगरा मुख्यालय को प्रेषित नहीं कर रहे थे। चार माह का चिकित्सा अवकाश का वेतन जो मुख्यालय से स्वीकृत होकर तीन माह पहले ही आ गया था उसका भी भुगतान नहीं कर रहे थे। उन्होंने सभी भुगतान कराने के एवज में 40 हजार रुपये घूस की मांग की। मान-मनौव्वल के बाद 20 हजार रुपये में बात तय हुई। एक्सईएन ने पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये कार्यालय या घर आकर देने की बात कही। अनिल ने पांच अप्रैल को एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। एंटी करप्शन टीम ने तय योजना के अनुसार 500 के 20 नोटों का नंबर नोट कर उनमें फिनॉफ्थलीन पाउडर लगाया और रिटायर्ड लेखाकार से फोन कराके आरोपी को मिलने रतनलालनगर पेट्रोल पंप पर बुलाया। एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछा लिया। कुछ देर बाद एक्सईएन बाइक से आया और रिटायर्ड लेखाकार को एक दुकान पर ले गया। इसके बाद पैसा हाथ में लेने के बजाये जेब में डालने को कहा, जिस पर पीड़ित ने उसकी जींस में 10 हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद आरोपी एक्सईएन ने जेब में हाथ डालकर पैसे गिने। टीम ने पहले ही पीड़ित को निर्देश दिए थे कि पैसे देने के बाद हाथ रगड़ना। टीम के अनुसार पीड़ित ने वही किया। दोनों हाथ आपस में रगड़ने का इशारा पाते ही टीम ने एक्सईएन को दबोच लिया और रुपये बरामद कर लिए। इसके बाद टीम आरोपी को गोविंद नगर थाने लेकर पहुंची। अधिकारियों ने एक्सईएन के हाथों की जांच की तो हाथों में केमिकल लगा पाया गया। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर जटा शंकर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

**औरैया।** चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष के साथ देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। औरैया शहर के मध्य में स्थित फूलमती मंदिर पर भक्तों के पूजन दर्शन का सिलसिला प्रात: 5 बजे से शुरू होकर रात्रि 11 बजे तक चलता रहता है। मान्यता है कि फूलमती माता परिवार की सुख समृद्धि के साथ सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। बुधवार को मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा देवी मंदिरों में हुई। ब्रह्मा जी की शक्ति होने से मां का यह स्वरूप ब्रह्मचारिणी नाम से लोक प्रसिद्ध हुआ हैं। इसका उद्भव ब्रह्मा जी के कमंडल से माना जाता है।, ब्रह्मा जी सृष्टि के जनक हैं तथा ब्रह्मचारिणी उनकी शक्ति हैं। जब मानस पुत्रों से सृष्टि का विस्तार नहीं हो सका तो ब्रह्मा जी की इस शक्ति ने सृष्टि का विस्तार किया।


पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### जान जोखिम में डाल क्रॉसिंग पार करते लोग

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर अछल्दा में पांचवे दिन रेल मरम्मत का कार्य जोरो पर किया गया। दो दिन तक का समय होने से आज सुबह से चारो लाइनों पर कार्य किया गया। वहीं राहगीर जान-जोखिम में डाल कर क्रॉसिंग पार कर रहे हैं। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग गेट नं. 13 बी पर सुबह 9 बजे से अछल्दा रेलवे ट्रैक पर मरम्मत का चल रहा है। इस कारण 12 अप्रैल तक क्रॉसिंग बंद रखी गई है। इस लिए समय कम होने से अप और डाउन दोनों ट्रैक को खोलकर करीब एक फुट ऊंचा कर दिया गया। वहीं इसके बावजूद राहगीर जान की परवाह किए बगैर क्रासिंग पार करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# रामलला के दर्शन को पैदल निकला भक्त

**अजीतमल।** तहसील अजीतमल क्षेत्र में एमपी से पैदल यात्रा करते हुए एक दर्शनार्थी कल्लू सविता पुत्र रामनाथ सविता ने मंगलवार को नवरात्र शुरू होने पर अपने निवास स्थान भिंड जिले से पैदल यात्रा शुरू की। बुधवार को दूसरे दिन औरैया जनपद के अजीतमल तहसील क्षेत्र में पैदल यात्रा करते पत्रकारों से बातचीत करने पर बताया कि 17 अप्रैल रामनवमी को रामलला के दर्शन करने के उद्देश्य से नौ दिन की पैदल यात्रा पर निकले है। एक दिन में लगभग 70 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण की है। दर्शनार्थी बल्लू सविता ने बताया कि योगी और मोदी की मेहरबानी से देश में दोबारा दिवाली मानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।


कल्लू।

# मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सामान जला

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** बुधवार को औद्योगिक नगरी के फफूंद रोड पर एक रेडीमेड व्यापारी के घर में आग लग गई। जिससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियों ने आकर मोर्चा संभाला तब कई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। बताते चलें कि गृह स्वामी व उनके परिवार घर पर मौजूद नहीं था। लोगों ने कयास लगाया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगी जिससे पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया। वही समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगीं थीं।



आग बुझाते फायर ब्रिगेड के जवान। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार फफूंद रोड वैदिक इंटर कॉलेज के निकट लक्स कोजी का थोक व्यापार करने वाले पवन पोरवाल का मकान है। जिसमें नीचे गोदाम और दूसरी मंजिल पर रिहायशी मकान है। शाम करीब 5:00 बजे मौसम के करवट लेने पर और यकायक बिजली तड़केने पर अचानक घर के अंदर से धूआ निकालने लगा, तो राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आकर देखा कि मकान व गोदाम पूरी तरह से बंद था। जिस पर पुलिस ने मकान मालिक को सूचना दी। जब तक मकान मालिक घटनास्थल पर पहुंचे तब तक मकान में भयानक आग ने रूप धारण कर लिया था, और आग विकराल हो गई। तभी एनटीपीसी फायर ब्रिगेड की करीब आधा दर्जन गाड़ियों ने आकर मोर्चा संभाला और छत पर चढ़कर व चारों तरफ दीवार को तोड़कर पानी की बौछार की। तब तक आग ने विकराल रूप धारण करते हुए पूरे घर में रखा सामान जलाकर राख कर दिया। मकान मालिक पवन पोरवाल ने बताया कि आग लगने की कोई जानकारी अभी नहीं हुई है पता किया जाएगा कि आज कैसे लगी। उन्होंने बताया कि घर पर लाखों रुपए के उपकरण जलकर राख हो गए, और वहां थोक व्यापारी होने के कारण अंडरवियर गारमेंट्स का भी सामान जल गया है। नुकसान का अनुमान अभी नहीं लगाया गया है। लेकिन लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। वही इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश चौहान एवं अन्य पुलिसकर्मियों के साथ एनटीपीसी के फायर कर्मी मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी, झाड़ियों में लगी आग

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव किशोरीपुरवा के पास बंबा के किनारे बड़े पेड़ और सूखी झाड़ियां काफी हैं। वहीं से हाईटेंशन लाइन भी गुजरी है। जो एक-दूसरे में चिपकने से चिंगारी निकली और झाड़ियो में गिरी और आग लग गई। बुधवार को शाम साढ़े छ: बजे स्थानीय लोगों ने देखा कि झाड़ियों में धुआं निकल रहा है। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले आग ने वहां मौजूद झाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। किसानों ने आग को बुझाने का प्रयास किया और लोगों की सूझबूझ से पास में खड़ी फसल गेंहू की बाल-बाल बच गई। आग पर तुरंत काबू पा लिया गया।

# ईदगाह में साढ़े सात बजे ईद की नमाज

**फफूंद।** बुधवार को रमज़ान के तीस रोज़े पूरे होने के बर्फ ईद का चांद नज़र आया चांद नज़र आते ही मुस्लिम समुदाय में ईद की खुशियां साफ नज़र उसने लगीं और लोगों ने एक-दूसरे को ईद के चांद की मुबारकबाद दी। इसके बाद लोग ईद व ईद की नमाज़ की तैयारी में लग गए और देर रात तक बाज़ार में ईद की रौनक दिखाई दी।

ख़ानक़ाह आस्ताना आलिया के सज्जादा नशीन सैयद अख़्तर मियां चिश्ती ने बताया कि नगर की बाईपास स्थित ईदगाह में ईद की नमाज़ साढ़े सात बजे तथा जामा मस्जिद आस्ताना आलिया समदिया में साढ़े आठ बजे ईद की नमाज़ अदा की जाएगी। जिन लोगों ने अभी सदक़-ए-अदा नहीं किया है वह लोग ईद की नमाज़ से पहले सदक-ए-फित्र अदा कर दें। यह अफ़ज़ल और बेहतर है। मौलाना उस्मान साहब ने बताया कि बाबा का पुर्वा स्थित ईदगाह में भी ईद की नमाज़ आठ बजे अदा की।

# ग्राम सचिव ने बिना जांच के बना दिया मृत्यु प्रमाणपत्र

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लॉक भाग्य नगर के लखनपुर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिव का अजीबोगरीब कारनामा सामने आया है। जहां मृतक सिरमोद का प्रमाण पत्र कल्पना शुक्ला द्वारा बिना जांच के ही बना दिया गया। बड़ी बात यह है कि मृतक की पत्नी शीला देवी तथा माता ज्ञानवती प्रमाण पत्र बनवाने नहीं गईं। मामले की शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम से पीड़ित ने की है।

पीड़ित ज्ञानवती ने बताया कि पुत्र सिरमोद की तबीयत खराब होने पर उसे सौ सैय्या अस्पताल में बीते 1 मार्च को भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय अकबरपुर पहुंचते ही उसकी मृत्यु हो गई। अंतिम संस्कार होने के बाद मृतक की पुत्रवधू शीला देवी को मृत्यु प्रमाण पत्र बिना जानकारी के जारी कर दिया।

ग्राम पंचायत सचिव कल्पना शुक्ला ने गांव में जानकारी देना उचित नहीं समझा। बिना जांच के मृत्यु सर्टिफिकेट में रिपोर्ट जारी कर दी। महिला के अनुसार जब वह प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव के पास पहुंची तो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने की बात कही गई।

पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में गलत रिपोर्ट लगाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान पति प्रवीण राजपूत ने बताया जब किसी घर के सदस्य ने सचिव को सूचना नहीं दी। तो फिर प्रमाण पत्र जारी किसके कहने पर कर दिया गया इस मामले की जानकारी कम से कम प्रधान से लेनी चाहिए थी। डीपीआरओ कामिनी गौतम ने बताया की शिकायती पत्र मिला है।मामले की जांच की जा रही है।तथ्यों में सत्यता मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

**समीक्षा** — जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी और अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

# व्यवस्थाएं पूर्ण कर गेहूं खरीद सुनिश्चित करें प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक तथा समस्त गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ रवी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूं खरीद को सुचारू रूप से संपादित करने एवं क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में समीक्षा बैठक की गई।



समीक्षा बैठक करतीं डीएम और एडीएम। अमृत विचार

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया गया कि गेहूं खरीद हेतु कुल 64 क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया गया है, जिनमें खाद्य विभाग के 10, पीसीएफ के 39, पीसीयू के 08, यूपीएसएस के 03, भारतीय खाद्य निगम के 03 तथा मंडी परिषद का 01 क्रय केंद्र है। उन्होंने समस्त केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए गेहूं खरीद कराना सुनिश्चित करें।

मंगलवार तक कुल 22 क्रय केंद्रों पर 106.79 मी.टन गेहूं क्रय किया गया है तथा कुल 2195 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है।

एडीएम /उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को प्रतिदिन केंद्र पर समय से उपस्थित रहने, कृषकों से संपर्क कर गेहूं विक्रय हेतु पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिए। किसानों की सहायता/शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जिला खाद्य विपणन अधिकारी के कार्यालय में कन्ट्रोल रूम संचालित है। जिसका नम्बर-05683-249668, मोबाइल नं0-8564098675, 7078640500 है। इस अवसर पर एसडीएम सदर राकेश कुमार, एसडीएम अजीतमल रामअवतार, एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र, डिप्टी कलेक्टर प्रथम अमित कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर द्वितीय गरिमा सोनाकिया, मण्डी सचिव, डिप्टी आरएमओ, समस्त क्रय एजेंसी प्रभारी सहित क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहें।


मतदाता जागरुकता के लिए मानव शृंखला बनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# मानव शृंखला बनाकर वोटरों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में जनपद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत गेल डीएवी पब्लिक स्कूल दिबियापुर तथा जीएस महाविद्यालय सहायल में आमजन में जागररुकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें मतदान करने की शपथ एवं आगामी 13 मई को मतदान दिवस पर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। मानव शृंखला तथा रैली में स्लोगन की पट्टिकाओं से भी मतदाताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं, अध्यापक/अध्यापिकाएं, अविभावक व ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

# दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

## दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

### मेरठ

| | |
|---|---|
| भाजपा | अरुण गोविल |
| सपा | सुनीता वर्मा |
| बसपा | देवव्रत त्यागी |

### बागपत

| | |
|---|---|
| सपा | मनोज चौधरी |
| रालोद | राजकुमार सांगवान |
| बसपा | प्रवीण बैसला |

### गाजियाबाद

| | |
|---|---|
| भाजपा | अतुल गर्ग |
| कांग्रेस | डॉली शर्मा |

### गौतमबुद्ध नगर

| | |
|---|---|
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा |
| सपा | डॉ. महेंद्र सिंह नागर |
| बसपा | राजेंद्र सिंह सोलंकी |

### मथुरा

| | |
|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी |
| कांग्रेस | मुकेश धनगर |
| बसपा | सुरेश सिंह |

### अलीगढ़

| | |
|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम |
| सपा | चौधरी बिजेंद्र सिंह |
| बसपा | हितेंद्र कुमार बंटी |

### बुलंदशहर

| | |
|---|---|
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह |
| कांग्रेस | शिवराम वाल्मीकि |
| बसपा | गिरीश चंद |

### अमरोहा

| | |
|---|---|
| कांग्रेस | कुंवर दानिश अली |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर |
| बसपा | मुजाहिद हुसैन |

### अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

### मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- २०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष



### अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

### बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत

- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

### मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।

### गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।




# पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

### भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

# मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार।** नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था। पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।




**जीत को भरी हुंकार** बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

### बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

**भोपाल।** बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

**सियासत** मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

# भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुईं सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।



बसपा प्रमुख मायावती।

### नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

### बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

### रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

## चुनावी गतिविधियां

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ पर दिया जोर :** बूथों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन उम्मीदवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है और सत्ता परिवर्तन चाह रहीं हैं। आटा, दाल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं मंहगी होती जा रहीं है। जनता अबकी बार भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बूथों पर बढ़ाई जा रही है जिससे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और किसी भी मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को जान गई है। सरकार किसान और बेरोजगार विरोधी है। सेवानिवृत्त व्यक्ति का पेंशन एक सहारा होता है जो कई राज्यों में लागू भी है लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार पेशनरों की समस्या को अनदेखा कर रहीं है। जबकि कई बार पेंशनर प्रदेश से लेकर दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना दे चुके है। अब जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है।

## पहले चरण में कुल 80 उम्मीदवार, महिलाएं मात्र सात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उप्र. के आठ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का यह विश्लेषण बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे उम्मीदवारों पर हैं। इन सीटों पर केवल सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

उम्मीदवारों की उम्र को देखें तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। मात्र 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार 80 में से 30 (38 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की है।

एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमाधारक, एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित जबकि सात उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और घोषित की है।




## लोकतंत्र के महापर्व में नाव का लेते सहारा

### मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जंगल और नदी पार करते हैं मतदाता

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के मतदान केंद्र भरथापुर में मतदान करना किसी युद्ध के जीतने से कम नहीं हैं। इस मतदान केंद्र पर दो नदियों को पार कर मतदाता नाव से मतदान के लिए जाते हैं। कुछ तो जान का हवाला देकर मतदान करने के लिए ही नहीं जाते हैं। जिसके चलते यहां मत प्रतिशत भी नहीं बढ़ रहा है।

जनपद के मोतीपुर तहसील का मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में स्थित है। इस मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों के साथ मतदाताओं को नाव का सहारा लेना पड़ता है। इसका मुख्य कारण राजस्व ग्राम भरथापुर जंगल के अंदर बसा हुआ है। इस गांव के पूरब में गेरुआ नदी और पश्चिम में नेपाल से आने वाली कौड़ियाला नदी है। गांव में ही पोलिंग केंद्र बना है। यहां मतदान कर्मियों को नाव के द्वारा ड्यूटी के लिए जाना पड़ता है। भवानीपुर, बिछिया और तेला गौढ़ी, आंबा ग्राम के मतदाताओं को ऐसे में जंगल और दो नदियों के बीच में बसे इस गांव में जाकर मतदान करना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि बिछिया के लोग पांच किलोमीटर तो दूसरे मजरे के 10 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान के लिए जाते हैं। नदी होने के चलते इस गांव में नाव के द्वारा ही जाना पड़ता है।



भरथापुर गांव को नाव से जाते लोग। अमृत विचार

### खतरे के चलते नहीं जाते मतदाता

मतदान केंद्र भरथापुर को जंगल और नदी के बीच से जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने जीवन का भी भय सताने लगता है। इसको देखते हुए लोग यहां कम ही मतदान के लिए जाते हैं। जिसके चलते 20 से 25 प्रतिशत मतदान ही इस केंद्र पर हो पाता है। यह प्रतिशत जिले में सबसे कम है।

### जंगल के बाहर केंद्र बनाने की उठ रही मांग

भरथापुर गांव मतदान जाने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में हादसे और वन्य जीवों के हमले को देखते हुए यहां के मतदान केंद्र को गिरिजापुरी और बिछिया में स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन जंगल के बाहर मतदान केंद्र बनवाना चाहिए। यह हम सभी की मांग की है।



जंग हिंदुस्तानी
सामाजिक कार्यकर्ता

### मशक्कत

- मतदान करने के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है
- मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में है स्थित

## एक मंच पर दिखेंगे राजा भैया और अखिलेश

### राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की सुगबुगाहट

आरपी सिंह प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। लेकिन सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद जारी है। कौशाम्बी सीट से भाजपा प्रत्याशी के घोषणा के बाद सुगबुगाहट है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सपा समर्थन दे सकती है। जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी।

कौशाम्बी सीट से भाजपा और राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के समझौते की चर्चा थी। बुधवार को कौशाम्बी सीट से भाजपा ने सांसद विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की। इसके बाद एक नई सुगबुगाहट शुरू हो गई कि राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी एक हो सकती हैं।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक गठबंधन से ही कौशाम्बी सीट से चुनाव में ताल ठोंक सकती है। इसकी पूरी कार्य योजना भी बन गई है।

सूत्रों की माने तो प्रत्याशी उतारने के बारे में मंथन चल रहा है, जल्द ही ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फूलपुर समेत प्रदेश की कई सीटों पर इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा।



### 2018 में गठित जनसत्ता दल के हैं एक एमएलसी व दो विधायक

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपने दावेदारी ठोंकी। कुंडा और बाबागंज में पुनः रिकॉर्ड बना। रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया यहां से सातवीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने।



### राज्यसभा के चुनाव से बदली हवा

- बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशाम्बी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

- सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद
- भाजपा और राजा भैया की पार्टी की समझौते की थी चर्चा

"हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को उतारेगी। पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका निर्णय संगठन करेगा। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। कार्ययोजना बनाई जा रही है, जल्द ही घोषणा की जाएगी।

–**विनोद सरोज,** विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

### तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15 वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।

## आईना : बहराइच लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| अक्षयबर लाल | 5,25,982 |
| शब्बीर अहमद | 3,97,230 |
| सवित्री बाई फुले | 34,454 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | सवित्री बाई फुले | 4,32,392 |
| सपा | शब्बीर अहमद | 3,36,747 |
| बसपा | डॉ.विजय कुमार | 96,904 |
| कांग्रेस | कमल किशोर | 24,421 |

बहराइच के क्षेत्र




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रफी अहमद किदवई | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | जोगेंद्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कुँवर राम सिंह | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | केके नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | बदलू राम शुक्ला | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | ओम प्रकाश त्यागी | जनता पार्टी |
| 1980 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | आरिफ मोहम्मद खान | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | आरिफ मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | रूद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | आरिफ मोहम्मद खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 1999 | पदमसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | बाब सईदा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | कमल किशोर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | सवित्री बाई फुले | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अक्षयबर लाल | भारतीय जनता पार्टी |

2019 नोटा
13,189

2014 नोटा
13,498

### 2009 चुनाव के आंकड़े




## पहले रैली बाद में चुनाव पाठशाला से देंगे संदेश

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण इलाकों में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार को चुनाव पाठशाला लगेगी। इसकी शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। पंचायती राज विभाग ने तैयारी कर ली है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान करने के अधिकार बताएंगे। जिनके सूची में नाम नहीं इसकी जानकारी इस आयोजन से होगी और नाम दर्ज कराएंगे। पाठशाला मतदेय स्थलों पर लगेगी। जो 909 प्राथमिक विद्यालय, 151 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 52 पंचायत भवन, पांच सामुदायिक केंद्र व सात आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थल से सबसे पहले सुबह 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैली निकलेगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 :50 तक पाठशाला लगेगी।



## निवासी बाराबंकी के, चुनते हैं अयोध्या का सांसद

- अयोध्या लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र
- चार लाख से अधिक मतदाता निभाते हैं अहम रोल

काशीनाथ दीक्षित दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचारः** जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता अपना सांसद रामनगरी अयोध्या का चुनते हैं।

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाला दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सांसद चुनने में एक अहम भूमिका अदा करता है। सभी दलों की निगाहें इस क्षेत्र के वोटरों पर रहती हैं, क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में 4,17,751 मतदाता अयोध्या का सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाता हैं। यही वजह है कि भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा प्रत्याशियों की रैलियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेजी से चलता है। इस बार भी चार लाख से अधिक वोटर अयोध्या के सांसद का चुनाव करेंगे।

यह सीट एक मामले में और भी सुर्खियों में है, क्योंकि इस सीट से जहां लगातार दूसरी बार भाजपा के सतीश चंद्र शर्मा विधायक हैं वहीं योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री भी हैं। पिछले दो बार से अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह की तरफ यहां के आधे से ज्यादा वोटरों का रुझान रहा है।




### आंकड़ों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| लोकसभा क्षेत्र | 54, अयोध्या |
| वि.स. क्षेत्र | दरियाबाद, बाराबंकी |
| मतदान केंद्र | 295 |
| मतदेय स्थल | 458 |
| जोन | 03 |
| सेक्टर | 31 |
| मतदान तिथि | 20 मई |




## कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर- घर ले जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता शहरों व गावों में लोगों के घर-घर जाएंगे और उन्हें पार्टी का घोषणा पत्र देकर उन्हें पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस सिलसिले में जिला व शहर अध्यक्षों को निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के पांच करोड़ से ज्यादा लोगों तक पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को चुनाव अभियान का आधार स्तंभ बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के पत्र को घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया था। इसी तर्ज पर इस बार भी चुनाव अभियान को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा गया है। विधानसभा चुनाव में भले ही पार्टी लोगों को अपने पक्ष में न कर पाई हो, पर इस बार घोषणा पत्र में दी गई बातों को ज्यादा प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में की तैयारी है, ताकि मतदाता पार्टी के पक्ष में आ सकें। कांग्रेस का अभियान इंडिया गठबंधन में मिली 17 सीटों के साथ ही बाकी सीटों पर भी चलेगा। इसके लिए गठबंधन में शामिल सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर अभियान को चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

## गोंडा : सियासत में विरासत की दखल

शिव अंकम ओझा, गोंडा

**अमृत विचार :** इस बार का गोंडा संसदीय सीट का सियासी सफर विरासत संभालने के दांव से शुरू हो रहा है। आजादी के बाद से मनकापुर राजघराने की आम चुनाव में दखल रहा। संसदीय चुनावों में राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक कायम रही। 1977 में कांग्रेसी विरोधी लहर को छोड़ दें तो वह 1971 से 1989 तक सांसद रहे। उनकी विरासत 1996 में बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने संभाली, उस साल तो हार गए लेकिन 1998 के चुनाव में जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने तीन चुनावों में बाजी मारी और वर्तमान में भी भाजपा से मैदान में हैं। वह राजघराने की विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं, जिससे सियासत में विरासत की दखल कायम रख सकें।

यह तो बात राजघराने की हुई, जो कई दलों का साथ लेते हुए साल 2014 से भाजपा की झोली में आ चुका है। इसी कड़ी में गोंडा के सियासी समर में साल 2009 में संसदीय सीट की नुमाइंदगी कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी बाबा की सियासी विरासत को संभालने को आगे आईं हैं। सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में पार्टी से रूठ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था और गोंडा से संसद पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी बेनी बाबू के कद को देखते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्री बनाया था। यही नहीं 2014 में उन्हें फिर गोंडा से टिकट दिया, यह अलग बात रही कि बेनी प्रसाद वर्मा मोदी लहर में पार्टी की नैय्या को पार नहीं लगा सके। उसके बाद उन्होंने फिर सपा में वापसी कर ली थी। अब सपा ने अपने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार पर एक बार फिर भरोसा जताया है।

गोंडा से बाबा की विरासत को कायम करने की जिम्मेदारी पौत्री को सौंपी है। उनके पिता राकेश वर्मा भी अपने पिता के संसदीय सीट पर परिवार की वापसी के लिए बेटी के साथ खड़े हैं। संयोग ही है कि सपा के साथ ही कांग्रेस का साथ भी पौत्री को मिल रहा है।

इस तरह दोनों दलों के नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार को टिकट मिलने से दोनों दलों में उत्साह है। फिलहाल अभी बसपा ने टिकट तय नहीं किया, उस पर दोनों दलों की निगाहें टिकी हैं।

### राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक रही कायम



कुंवर आनंद सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा



बेनी प्रसाद वर्मा

### बसपा के दांव से तय होगी सियासी दिशा

सपा व भाजपा के टिकट तय होने के बाद बसपा की चुप्पी पर सियासतदान निगाहें टिकाए हैं। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने में बसपा का दांव काफी अहमियत रखेगा। प्रत्याशी तय होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वह किस दल को चोट देगा और किस दल के लिए संजीवनी बनेगा या फिर वह दोनों दलों के बीच अपना रास्ता निकाल सकेगा। अभी बसपा जिले की स्थितियों और समीकरणों की समीक्षा कर रही है। प्रत्याशी का इंतजार दोनों दलों के साथ ही आम लोग भी बेसब्री से कर रहे हैं।

- राजघराने की विरासत का कारवां आगे बढ़ा रहे कीर्तिवर्धन
- तो बाबा की विरासत संभालने की सपा ने पौत्री को सौंपी कमान



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,038.15 | 22,753.80 |
| बढ़ा | 354.45 | 111.05 |
| प्रतिशत में | 0.47 | 0.49 |

## कानपुर मंडी

| अनाज (प्रति क्वि.) | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूंदड़ा | 2250-2400 |
| आर.आर.21 | 2450-2500 |
| गेहूंफ़ार्म | 2550-2600 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 8300-8700 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| अरहरफूल | 16000-16200 |
| अरहरस्पेशल | 13600-13800 |
| चनादाल | 7300-7400 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7350-7400 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती न02. | 6500-7500 |
| आटा | 1400-1440 |
| मैदा | 1410-1440 |
| सूजी | 1480-1500 |
| शाहपसंद | 1380-1400 |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 |
| अण्डी | 4600-4700 |
| तिल्ली | 11500-12700 |
| मूँगफलीदानाधिपुरी | 9400-10600 |
| बटाली | 9000-10200 |
| सेंहुआं | 4000-4500 |
| सरसोंकोल्हू | 10800-10900 |
| अलसी | 9400-9500 |
| अण्डी | 12500-12600 |
| सोयाबीन | 1580-1585 |
| सरसों | 2400-2450 |
| अलसी | 4200-4300 |
| अण्डी | 1400-1450 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लेग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लेग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | ....... |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55000-55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,300 |
| चांदी (999) | 81,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 80,800 |

## हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

# 'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

## भाषा आधारित कंटेंट को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का लिया स्थान

**नयी दिल्ली/लंदन, एजेंसी**




भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।

भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अपने अंग्रेजी भाषा के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में भारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर अधिकारियों द्वारा बीबीसी के कार्यालयों पर तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया गया है।

कलेक्टिव न्यूजरूम की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रूपा झा ने कहा कि मैं रोमांचित हूं कि कलेक्टिव न्यूजरूम ने आधिकारिक तौर पर सबसे विश्वसनीय, रचनात्मक और साहसी पत्रकारिता के लिए एक स्पष्ट, महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। कलेक्टिव न्यूजरूम ने कहा कि वह अपने पहले ग्राहक बीबीसी के लिए कार्यक्रम और कंटेंट तैयार करेगी लेकिन भारत व दुनियाभर के अन्य समाचार प्रदाताओं के लिए भी कंटेंट तैयार करने के लिए उपलब्ध है। कलेक्टिव न्यूजरूम के निदेशकों में मुकेश शर्मा, संजय मजूमदार और सारा हसन शामिल हैं।

## एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

**मुंबई।** नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

# मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान**

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

# मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

## एनएसई ने मुखिया के डीपफेक वीडियो पर निवेशकों को किया सजग

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान के उस डीपफेक वीडियो को लेकर निवेशकों को आगाह किया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते हुए नजर आ रहे हैं।

एनएसई ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर बनाए गए कुछ निवेश एवं सलाह संबंधी ऑडियो-वीडियो क्लिप में चौहान के चेहरे एवं आवाज और एनएसई के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया गया है। एक्सचेंज ने कहा कि ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत प्रौद्योगिकी की मदद से बनाए गए हैं। डीपफेक का आशय कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करना है। इसमें हेराफेरी के जरिए किसी व्यक्ति को ऐसी हरकत करते हुए या ऐसी बात कहते हुए दिखाया जाता है जो उसने कभी कहा और किया ही नहीं है। इस तरह गलत सूचना फैलने और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का खतरा होता है।




# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भावनगर में ट्रेन की टिकट चेकिंग से वसूले 5.04 लाख

**भावनगर।** पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मंडल ने मात्र एक ट्रेन की टिकट चेकिंग से 5 .04 लाख रुपये वसूल किए हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि टिकट जांच टीम द्वारा ट्रेन नंबर 12941 भावनगर-आसनसोल सुपरफास्ट ट्रेन में हाल ही में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल सात कर्मचारियों ने मिलकर 627 मामलों में जुर्माना सहित 503750 रुपये प्राप्त किए है। पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। भावनगर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक रवीश कुमार के दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक कल्पेश जी दवे की निगरानी में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### महिला कलाकारों ने 100 मधुबनी पेंटिंग में पूरी रामायण चित्रित की

**नई दिल्ली।** बिहार के मिथिला क्षेत्र के लोगों की मान्यता है कि राजा जनक ने अपनी बेटी सीता के भगवान राम के साथ विवाह का जश्न मनाने के लिए राज्य के कलाकारों और नागरिकों से दीवारों पर तस्वीरें बनाने के लिए कहा था। मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक मनीषा झा ने कहा कि वर और वधू के विवाह की तस्वीरें चटक रंगों से बनाने की परंपरा से मथिला कला का जन्म हुआ जिसे मधुबनी पेंटिंग भी कहते हैं। हिंदू महाकाव्य रामायण की कहानियों और घटनाओं को दर्शाने वाली ऐसी करीब 100 पेंटिंग यहां ललित कला अकादमी की एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई हैं। मधुबनी कला केंद्र और अकादमी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'मिथिला रामायण' में बिहार की अनुभवी और युवा महिला कलाकारों की कला को प्रदर्शित किया गया है और इसे मूर्त रूप देने में झा को 20 साल का समय लगा।

### नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भ्री 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने 'खतरनाक कुत्तों' पर पाबंदी वाले केंद्र के निर्देश को पलटा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कुत्तों की कुछ नस्लों के आयात, प्रजनन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के निर्देश को बुधवार को पलट दिया। पशुपालन मंत्रालय के अंतर्गत एक विशेषज्ञ समिति ने कुत्तों की कुछ नस्लों को खतरनाक करार दिया है। अदालत ने इस तरह की पाबंदी लागू करने से पहले पशु पालकों और प्रासंगिक संगठनों से संपर्क करने के महत्व को उजागर किया। नस्लों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रतिबंधित किया गया है जिनमें आमतौर पर बैन डॉग या बैंडोग, रॉटवीलर और टेरियर्स के रूप में संदर्भित नस्लें शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

# भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

**वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी**



तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज**

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

## मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

**मलाप्पुरम (केरल), एजेंसी**

केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी।

एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्वार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्वार पर अब तक करीब 50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### केरल में चर्च ने ईद की नमाज के लिए अपने द्वार खोले

**मलप्पुरम (केरल)।** सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले एक कदम के तहत केरल के मलप्पुरम जिले में एक चर्च ने बुधवार को अपने द्वार खोल दिए ताकि उसके परिसर में मुसलमान ईद की नमाज अदा कर सकें। मंजेरी स्थित निकोलस मेमोरियल सीएसआई चर्च के विशाल मैदान में बुधवार सुबह सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हुए। वे संयुक्त ईद समिति, मंजेरी द्वारा आयोजित ईद की नमाज में भाग लेने के लिए एक साथ आए थे। ईद की नमाज के लिए चर्च के दरवाजे खोलने का फैसला उस सरकारी स्कूल के मैदान को बंद किए जाने के कारण लिया गया, जहां आमतौर पर मुस्लिम ईद की नमाज अदा करते थे। स्कूल का मैदान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बंद किया गया है।

# माकपा के 80 अघोषित खाते व 100 अचल संपत्तियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **ईडी ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र केरल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ धनशोधन जांच में सच आया सामने**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी। इसने चुनाव आयोग को यह भी सूचित किया है कि पार्टी के पास त्रिशूर जिले में कार्यालय भवनों के रूप में लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। एजेंसी ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि इन बैंक खातों और कार्यालयों का इस्तेमाल माकपा द्वारा राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। एजेंसी को संदेह है कि इन चल और अचल संपत्तियों की जानकारी पार्टी द्वारा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग को नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के प्रशासनिक प्राधिकरण केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को ईडी द्वारा उसे बताए गए इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।

# शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

**ईटानगर, एजेंसी**

- **अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी**



अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

### विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

**दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

# होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व




कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं

## आतंक पर अंकुश को भारत-कजाखिस्तान की हुई बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और कजाखिस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि, बैठक कजाखिस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखिस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

# संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण

### यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारतः रूचिरा कंबोज




संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।



- भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।

## एक नजर

### रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल (4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13 .41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

### गाजा को संभालने में नेतन्याहू गलती कर रहे : राष्ट्रपति बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में इजराइली कार्रवाइयों को लेकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। बाइडन ने कहा- मैं नेतन्याहू के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने कहा कि सहायता पहुंचाने वाले संगठन के वाहनों पर ड्रोन से हमला किया गया। बता दें, बाइडन को इजराइल पर घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है और पिछले हफ्तों में उन्होंने नेतन्याहू सहित छह महीने पुराने युद्ध में इजराइल के आचरण पर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

### नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

**नई दिल्ली।** नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

### एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

# भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंची: जैक सुलिवन

## अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

### रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया



सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

## भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

# भारत का चेहरा बन गए हैं मोदी अमेरिकी सांसद ने की तारीफ

वाशिंगटन, एजेंसी

- ब्रैड शेरमैन ने विकास कार्यों और 2014 से आर्थिक प्रगति पर भारत की सराहना की

देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है। अब अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ की है। उन्होंने विकास कार्यों और 2014 से देश की आर्थिक प्रगति के लिए पीएम मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह भारत का चेहरा बन गए हैं।

अमेरिकी सदन में भारत के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक माने जाने वाले ब्रैड शेरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। हालांकि, रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध भारत-अमेरिका संबंधों में एक चुनौती है। उन्होंने मंगलवार को कहा, 'वह (मोदी) भारत का चेहरा बन गए हैं। हम आर्थिक विकास होते देखा है। बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय सिर्फ एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वे सभी भारत को और अधिक सफल देश



बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' 69 वर्षीय ब्रैड शेरमैन हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी में वरिष्ठ डेमोक्रेट हैं। वह पिछले 28 वर्षों से भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिका-भारत संबंध काफी मजबूत हुए हैं। मैं यह जानता हूं क्योंकि मैं यहां यूएस इंडिया कॉकस का पूर्व अध्यक्ष रहा हूं। हमने इसे सभी द्विदलीय कॉकस में सबसे बड़ा बनाया। हमने बहुत कुछ देखा है, विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में सैन्य खुफिया जानकारी साझा करने और सबसे बड़े संयु क्त अभियान और अभ्यास में। वहीं हिंद-प्रशांत को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण रखने पर काम किया है।

# जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिका में हुए सम्मानित

वाशिंगटन, एजेंसी

अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।

उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में



मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका शीर्ष कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

## अल अक्सा मस्जिद



**जेरूसलम :** ईद-उल-फितर की नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। यह एक पहाड़ी की चोटी पर बना है जो यहूदियों के लिए भी सबसे पवित्र स्थल है। ● एजेंसी

## पाकिस्तान में नाबालिग से जबरन शादी के लिए तीन पर मामला दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान के शेखपुरा जिले में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की का मतांतरण करवाने और उससे जबरन शादी करने को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने चिंताजनक घटना के जवाब में तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया।

फिरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि पुलिस के अधिकारी उसके घर आए और उन्हें अगले दिन अपनी बेटी के साथ कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। सलीम मसीह अपनी बेटी और कई रिश्तेदारों के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। वहां उन्हें पता चला कि पहले उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान सरफराज ने दावा किया है कि उनकी बेटी उसकी पत्नी है।

**विज्ञान** स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

# तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।



खोजा गया नया ग्रह।

### सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है । इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विस्वास करना जल्दबाजी होगी।

## ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उमड़े चार लाख भिखारी

**इस्लामाबाद।** रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर जाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है।

इमरान याकूब के अनुसार पारपंरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

# हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही।

चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्ण तरीकों से भिन्न होते हैं।

### विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत

दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की



मौत होती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।